संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 24 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मंगलवार को रामलला की पूजा-अर्चना के बाद भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर के दरवाजे खोल दिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 24 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# गणतंत्र दिवस पर पहली बार तीनों सेना की महिला टुकड़ी परेड में होगी शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**गणतंत्र** दिवस परेड में पहली बार तीनों सेना- थल सेना, वायुसेना और जल सेना की महिला सैनिक शामिल होंगी। मेजर जनरल सुमित मेहता ने मंगलवार को बताया कि इस बार तीनों सेना की महिला टुकड़ियां शामिल होंगी।

महिला पर केंद्रित इस बार की परेडः बता दें कि इस बार की परेड बहुत खास है, क्योंकि यह महिला पर केंद्रित होगी। कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस की परेड का मुख्य विषय 'विकसित भारत' और 'भारत-लोकतंत्र की मातृका' हैं।

**कितने बजे से शुरू होगी परेड ?:** मेजर जनरल सुमित मेहता ने बताया, गणतंत्र दिवस की परेड सुबह साढ़े दस बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्य पथ तक जाएगी। उन्होंने कहा कि परेड कमांडर दिल्ली एरिया कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार होंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार तीनों सेनाओं की महिला सैनिक इसमें हिस्सा ले रही हैं।

**परमवीर चक्र विजेता भी परेड में शामिलः** मेजर जनरल मेहता ने कहा कि परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव और सूबेदार मेजर संजय कुमार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा फ्रांसीसी दल भी परेड में हिस्सा लेंगे, जिसमें भारतीय और नेपाली मूल के सदस्य भी शामिल होंगे। इसके अलावा परेड में कई विमान और वाहन शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि परेड में टेरेन व्हीकल्स, लाइट स्पेशलिस्ट व्हीकल्स और स्पेशल मोबिलिटी व्हीकल्स सहित विभिन्न नई पीढ़ी के वाहन भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि परेड का पार्ट एएलएच ध्रुव रुद्र और एलसीएच प्रचंड फ्लाईपास्ट होंगे।

**फ्लाईपास्ट में 51 विमान शामिलः** उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना के फ्लाईपास्ट में 51 विमान शामिल होंगे। इनमें लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान होंगे। साथ ही इन विमानों में 15 महिलाएं होंगी। बता दें कि इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गणतंत्र दिवस के दिन मुख्य अतिथि होंगे। यह छठी बार है, जब कोई फ्रांसीसी राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि बने हैं। साथ ही दूसरी बार फ्रांसीसी दल गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा ले रहा है। वहीं, इस बार 13,000 विशेष अतिथियों को बुलाया गया है।

## राम मंदिरः उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### तीन लाख भक्तों ने किए दर्शन, इतने ही इंतजार कर रहे, अयोध्या आने वाली बसें रोकी गई



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**राम** मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली सुबह रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए श्री रामजन्मभूमि मंदिर के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए। इस बीच यह बात सामने आई कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर लंबी भीड़ की वजह से रामलला के दर्शन अस्थाई रूप से बंद कर दिए गए।

हालांकि, यह बात पूरी तरह से गलत है। अयोध्या पुलिस ने इस खबर को भ्रामक बताते हुए इसका खंडन किया है। अयोध्या पुलसि ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर इस खबर का खंडन करते हुए लिखा, "कतिपय सोशल मीडिया के माध्यम से असत्य खबर फोटो के साथ सार्वजनिक रुप से प्रसारित की जा रही है कि जनपद अयोध्या में श्रद्धालुओं की कई किलोमीटर लम्बी भीड़ की वजह से श्री रामलला के दर्शन अस्थाई रूप से बंद किया गया है। अयोध्या पुलिस इस असत्य एवं भ्रामक खबर का खण्डन करती है।"

**भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात, पुलिस ने कहा- धैर्य न खोएंः** बता दें, अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ को संभालने के लिए पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए श्री राम जन्मभूमि मंदिर के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए। इस बीच लखनऊ जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया ने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों की संख्या ज्यादा है, इसलिए लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। सभी के दर्शन होंगे, भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया है, जिससे लोगों को परेशानी न हो।"

**रामभक्त**

**8 भीड़ को नियंत्रित करने के लिए श्री रामजन्मभूमि मंदिर के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात**

**मंदिर के 'गर्भ गृह' में मौजूद प्रमुख सचिव गृह और विशेष डीजी कानून और व्यवस्थाः** अयोध्या राम मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों की आमद के साथ, यूपी के प्रमुख सचिव, गृह, संजय प्रसाद और विशेष डीजी कानून और व्यवस्था, प्रशांत कुमार भक्तों की व्यवस्थित आवाजाही की निगरानी के लिए मंदिर के 'गर्भ गृह' के अंदर मौजूद हैं।

## असम में बुरे फंसे राहुल गांधी, सीएम हिमंत ने डीजीपी को एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम के गुवाहाटी पहुंच गया है। मंगलवार को यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। माना जा रहा है कि राहुल गांधी को शहर में यात्रा करने की इजाजत नही मिली जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प शुरू हो गई। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने झड़प को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की और असम के डीजीपी को निर्देश जारी किए है।

**राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देशः** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'ये असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। ऐसी 'नक्सली रणनीति' हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग है। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को भीड़ को उकसाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने और उनके हैंडल पर पोस्ट किए गए फुटेज को सबूत के रूप में उपयोग करने का निर्देश दिया है।






## यूएनएससी में भारत का स्थायी सदस्य न होना बकवासः मस्क



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

टेस्ला के सीईओ और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के मालिक एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सीट नहीं मिलने को 'बकवास' बताया है और कहा है, कि जिन देशों के पास जरूरत से ज्यादा शक्ति है, वे इसे छोड़ना नहीं चाहते हैं। उन्होंने यूएनएससी की आलोचना करते हुए कहा कि इस समूह में भारत के पास स्थायी सीट न होना समझ से परे है। मस्क एक अमेरिकी-इजरायली बिजनसमैन माइकल आइजेनबर्ग की एक पोस्ट का जवाब दे रहे थे। माइकल ने संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के एक बयान पर भारत का जिक्र किया था। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने अफ्रीका के लिए स्थायी सीट का समर्थन किया तो विरोध में माइकल ने कहा कि 'और भारत के बारे में क्या कहेंगे ?'

## 4 फरवरी को बिहार से पीएम करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद




**टीम एक्शन इंडिया/मोतिहारी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी चार फरवरी को पूर्वी चंपारण के सेमरा के समीप वनसप्ति स्थान के समीप आयोजित कार्यक्रम में छह हजार करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय हो गया है। चार फरवरी को प्रधानमंत्री हवाई मार्ग से कार्यक्रम स्थल पर दिन के एक बजे पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री आईओसीएल के मोतिहारी टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। मुख्य रूप से मोतिहारी-अमलेखगंज पाइपलाइन का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा चैलाहा, सुगौली, रामगढ़वा, रक्सौल व बेतिया स्थित छावनी में एनएच पर बने आरओबी का उद्घाटन करेंगे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 साल में किए 50 से अधिक युग परिवर्तनकारी काम: शाह

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 5वें अंतर्राष्ट्रीय और 44वें अखिल भारतीय अपराध विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह संदेश दिया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 साल में 50 से अधिक युग परिवर्तनकारी काम किया है। दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून में आमूल-चूल परिवर्तन करते हुए नए भारत में नए कानून का प्रस्ताव रखा था। पहले के कानून का उद्देश्य अंग्रेजों के राज को सुरक्षित करना और भारतीयों




को दंड देना था, अब न्याय की मूल भावना से कानून को लाया गया है। यह भी गौर करने वाली बात है कि पहले के कानून में ह्यदंडह्ण शब्द जुड़ा हुआ था, जबकि नए कानून में ह्यन्यायह्ण शब्द जुड़ा हुआ है। नए कानून में 7 साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फॉरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिट अनिवार्य करने वाले शाह का मानना है कि इससे जाँच आसान हो जाएगी और जजों का काम भी आसान हो जाएगा। टेक्नोलॉजी की मदद से क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की सभी चुनौतियों को दूर कर 5 सालों में देश की न्याय व्यवस्था दुनिया भर में सबसे आधुनिक बनेगी। गुलामी की मानसिकता को खत्म कर न्याय की मंशा से कानून बनाने वाले भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि आने वाले 5 साल बाद देश में हर वर्ष 9,000 से अधिक फॉरेंसिक साइंस ऑफिसर्स तैयार होंगे। अमृतकाल में तीन नए कानून से इज ऑफ पुलिसिंग और इज ऑफ जस्टिस का दौर शुरू होने वाला है। आने वाले 1 साल में देशभर में नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी के 9 और कैंपस खुलेंगे जो क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में फॉरेंसिक साइंस के उपयोग के रिसोर्सेज तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। नए कानूनों में इन्वेस्टिगेशन, प्रॉसीक्यूशन और न्यायिक प्रक्रिया में फॉरेंसिक साइंस को महत्त्व दिया गया है, इससे युवाओं के लिए बहुत बड़ा क्षेत्र खुलने जा रहा है।

# हरियाणा में भी बड़े नेताओं को हराएगी जनता: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**आम** आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को कैथल के गांव कुतुबपुर और सांगण में बदलाव महारैली निमंत्रण जनसभा की। उन्होंने इस दौरान 28 जनवरी को जींद में होने वाली बदलाव जनसभा का निमंत्रण दिया। उन्होंने सभी को नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस बदलाव रैली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान पहुंच रहे। आम



आदमी पार्टी की बदलाव रैली हरियाणा के इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी। इस रैली में हरियाणा के हर गांव में भारी संख्या में लोग पहुचेंगे। इस मौके पर उनके साथ मास्टर सतबीर गोयत, जिला अध्यक्ष गज्जन सिंह, कुलदीप, मीनाक्षी, बलबीर सजूमा, अमरीक सिंह, सुनील सहारण, नरेश कुमार, जय प्रकाश और कमल धीमान मौजूद रहे। अनुराग ढांडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा आम आदमी में इतनी ताकत होती है कि बड़े से बड़े नेता की जमानत जब्त हो जाती है। ये हमने दिल्ली में भी देखा और पंजाब में भी देखा। लोग कहते थे कि बादल परिवार को कोई नहीं हरा सकता, लेकिन आज विधानसभा में बादल परिवार का एक भी सदस्य नहीं है। कहते थे कि चन्नी को कैसे हराओगे लेकिन चन्नी आज पंजाब में ही नहीं है कनाडा घूमता रहता है। कहते थे कि राजा अमरिंदर सिंह को कैसे हराओगे, लेकिन आज राजा है ही नहीं पंजाब में प्रजा का राज है। जब आम आदमी खड़ा हो जाता है तो बड़ों बड़ों को धूल चटा देता है। क्योंकि लोकतंत्र में सारी ताकत जनता के पास है। ये लोग जनता को एहसास ही नहीं होने देते कि उनके पास कितनी ताकत है।

# 'विशेष अतिथि' के रूप में गणतंत्र दिवस परेड देखने आएंगे 250 पैक्स के मुखिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देशभर से लगभग 250 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के अध्यक्ष व उनके परिजन केन्द्र सरकार के "विशेष अतिथि" के रूप में गणतंत्र दिवस का परेड देखने आएंगे। यह जानकारी सहकारिता मंत्रालय ने मंगलवार को दी है। मंत्रालय के अनुसार 24 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 250 लाभार्थी पैक्स के अध्यक्ष और उनके परिजन भारत सरकार के "विशेष अतिथि" के

**साक्षी**

**8 भारत सरकार के "विशेष अतिथि" के रूप में इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे**

रूप में इस बार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी बनेंगे। रक्षा मंत्रालय के सहयोग से सहकारिता मंत्रालय गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथियों की मेजबानी कर रहा है। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार दिल्ली प्रवास के दौरान पैक्स के अध्यक्ष 25 जनवरी को सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा से मुलाकात और उनके साथ रात्रि भोज करेंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड देखने के बाद शाम को वे "भारत पर्व" में भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद से अभी तक 54 से अधिक पहल मंत्रालय ने किए हैं।

# पीएम ने 19 राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से की बातचीत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर 19 प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) पुरस्कार विजेताओं के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिन्ह भेंट किए और फिर उनके साथ खुलकर बातचीत की। बच्चों ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी-अपनी उपलब्धियों का विवरण साझा किया जिसके कारण उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस दौरान संगीत, संस्कृति, सौर ऊर्जा, बैडमिंटन, शतरंज खेल जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बच्चों ने प्रधानमंत्री से कई सवाल भी पूछे, जिनमें से एक का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें हर तरह के संगीत में अपनी रुचि है जो उन्हें ध्यान में मदद करता है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के शुभारंभ के बारे में पूछे जाने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए उनके द्वारा शुरू

**उपलब्धियां**

**8 बच्चों ने पीएम के साथ अपनी-अपनी उपलब्धियों का विवरण साझा किया जिसके कारण उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया**

किए उपायों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना से लोगों को कैसे लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ 23 जनवरी के महत्व के बारे में भी चर्चा की और उन्हें पराक्रम दिवस के बारे में बताया । उन्होंने बताया कि पराक्रम दिवस के माध्यम से साथ सरकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विरासत का सम्मान कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण जैसी सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धि के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करती रही है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में हाहाकार, 39 हजार डॉलर से नीचे आया बिटकॉइन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज जबरदस्त गिरावट का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 मामूली बढ़त के साथ और 9 गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 4.5 प्रतिशत से भी अधिक गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण बिटकॉइन आज 39 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम पिछले 24 घंटों के दौरान 6.5 प्रतिशत से ज्यादा टूट गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी

**गिरावट**

**8 इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम पिछले 24 घंटों के दौरान 6.5 प्रतिशत से ज्यादा टूट गई है।**

का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 4.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,867.48 डॉलर यानी 32.32 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# नेता जी के सपने को साकार करने में लगे हैं प्रधानमंत्री मोदी: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में नेता जी सुभाष चंद्र बोस का संघर्ष और उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। देश आज नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहा है। नेताजी को भारत की विरासत पर गर्व था और वे भारत को आधुनिक बनाना चाहते थे। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेता जी के सपने को साकार करते हुए देश को विकसित होने की राह पर तेजी से लेकर जा रहे हैं। श्री सैनी जींद पटियाला चौक स्थित सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करने के बाद बोल रहे थे। आज श्री सैनी ने कार्यकताओं से भी संवाद किया और लोकसभा चुनाव पर चर्चा की तथा जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

नेता जी को याद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी देश को अपने गौरवशाली अतीत को नहीं भूलना चाहिए। भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है और हमें अपने इतिहास पर गर्व करना चाहिए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस अखंड भारत के पहले प्रधान थे, जिन्होंने 1947 से भी पहले अंडमान को आजाद कराया और वहां तिरंगा फहराया।



Punjab Land of Unlimited Opportunities




# पंजाब का मान
# देश की शान

## ₹33.83 करोड़
के नकद ईनाम

के साथ
एशियाई खेलों एवं
राष्ट्रीय खेलों
के 168 पदक विजेताओं
का सम्मान



भगवंत सिंह मान
मुख्य मंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## न्यूज फ्लैश

### आर्य समाज हुड्डा में एक शाम श्रीराम के नाम आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आज** अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर में उनके भव्य अभिषेक कार्यक्रम के निमित आर्य समाज हुड्डा में एक शाम प्रभु श्री राम के नाम के अन्तर्गत सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी ने यज्ञ में आहूति दी। जिसके बाद सभी धर्मो के बुद्धिजीवीओं ने संगोष्ठी में अपने-अपने विचार सांझा किए और बताया कि प्रभु श्री राम सभी के हैं। कार्यक्रम के अतं में उपस्थितजनों ने जय श्री राम की रंगोली पर दीपजला कर दीपोत्सव मनाया।

### तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दुंगा का नारा सुभाष चंद्र बोस ने दिया था: रणदीप आर्य

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**महान** स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया गया। इस अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने ध्वज को सलामी दी। मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य रहे। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के छात्रों ने रणदीप आर्य और सत्यवान मलिक का स्कार्फ गोगल पहना कर स्वागत किया। वहीं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रणदीप आर्य ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस विलक्षण व्यक्तित्व के मालिक थे। उन्होंने आईसीएस परीक्षा के टॉप 10 की सूची में स्थान प्राप्त किया और वे पहले ऐसे आईसीएस अधिकारी थे जिन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ कर मां भारती को आजाद करवाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कहा कि हम सब आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं यह सुभाष चंद्र बोस और अन्य क्रांतिकारियों की बदौलत ले रहे हैं। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा सुभाष चंद्र बोस ने दिया था तथा दिल्ली चलो का नारा भी सुभाष चंद्र बोस ने दिया था। जगदीश चहल ने मंच संचालन किया।

### आईबी कालेज में नृत्य द्वारा भगवान श्रीराम के आदर्श को दर्शाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आईबी** महाविद्यालय में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राम के जीवन मूल्यों एवं आदर्श के मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के सद्गुणों के सागर को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि भारत देश में विविधता होते हुए भी एकता है। उन्होंने बताया कि भगवान राम एक पत्नीव्रत प्रजारंजकता, व्यवहार कुशलता, न्याय प्रियता, पवित्रता, सत्यवादिता, नैतिकता, प्रतिज्ञा पालन आदि सभी सद्गुणों से पूर्ण हैं इसलिए राम भारत की आत्मा है। यह प्रत्येक जीवन के हृदय में विराजमान हैं। राम सबके हैं हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में भाई-भाई यह उदात्र भाव ही राम है। उपप्राचार्या प्रो.रंजना शर्मा ने कहा कि राम भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डॉ. निधान सिंह ने भी भगवान श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने दीपों के प्रज्वलन के साथ भगवान श्रीराम की पूजा की। वहीं विद्यार्थियों द्वारा अपनी संस्कृति के अनुसरण अनुपालन पर जो नृत्य प्रस्तुत किया गया उसको प्राचार्य द्वारा साधुवाद प्रदान किया गया। डॉ. शर्मिला यादव ने विद्यार्थियों ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुति को सराहा।

### रियाणा कला परिषद के कलाकारों ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**कुरुक्षेत्र: हरियाणा** कला परिषद द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से कला और संस्कृति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रीराम लला का स्वागत किया। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने दी।

# एचआईवी एड्स तथा टीबी अवेयरनैस वर्कशाप का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** सिविल सर्जन कार्यालय में एचआईवी एड्स तथा टीबी अवेयरनैस वर्कशाप का आयोजन किया गया, जिसमें आईसीटीसी काउंसलर ममता तथा एसटीआई काउंसलर कांता ने एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी रैड रिबन कालेजिस के नोडल टीचर्स व पीयर एजुकेटर्स को विस्तारपूर्वक दी। कार्यक्रम में 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आईसीटीसी काउंसलर ममता ने सभी को एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारी दी। एचआईवी एड्स के फैलने के



कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में बताया। साथ ही इस बीमारी को लेकर जो भ्रांतियां समाज में फैली हुई हैं, उन्हें भी दूर किया। गर्भवती महिलाओं के लिए एचआईवी व वीडीआरएल टैस्ट क्यों अति आवश्यक है, इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यदि किसी को भी एचआईवी हो जाता है तो किन सावधानियों को बरतें व किस प्रकार अपना इलाज करवाएं। एचआईवी एड्स के टैस्ट पूरे हरियाणा में सभी आईसीटीसी केन्द्रों पर मुफत

**आत्मनिर्भर**

8 नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए कौन सी दवाइयां देनी है

किये जाते हैं और एचआईवी एड्स से संक्रमित व्यक्तियों की सभी प्रकार की जांच व दवाइयां मुफ्त दी जाती हैं तथा उनकी सारी जानकारी गुप्त रखी जाती है। इसके बारे में भी खुलकर बात की।

नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने के लिए कौन सी दवाइयां देनी है। उसके बारे में भी बताया, ताकि इस संक्रमण से बचा जा सके।

इसके साथ ही उन्होंने एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में भी जानकारी दी, ताकि किसी भी प्रकार से संक्रमित व्यक्ति को उसके अधिकारों से उसे वंचित किया जाता है तो उस दशा में वे कौन से ठोस कदम उठा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने टीबी के कारण, लक्षण व रोकथाम के बारे में भी जानकारी दी। उन्होने बच्चों को एचआईवी एड्स से ग्रसित व्यक्ति से भेदभाव न करने व उनके साथ सोहार्दपूर्ण व्यवहार करने के लिए कहा।

## अब हर समस्या का होगा समाधान : हरविंद्र कल्याण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। घरौंडा** के विधायक हरविंद्र कल्याण ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव दाहा व कम्बोपुरा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हर समस्या का समाधान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को दलालों से निजात दिलाई हैं। दलालों ने गरीबों की कमर तोडकर रख दी थी। गांव कम्बोपुरा में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

उन्होंने कहा कि भारत ही दुनिया में शांति की स्थापना कर सकता है। जी20 जैसे सफल आयोजन ने दुनिया को भारत की ताकत का अहसास करा दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जो कार्य जन संवाद में आए हैं, उन पर काम जरूर होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता से जो वायदा किया था।

## 10वीं की दो छात्राएं संदिग्ध हालात में लापता एक घर से सहेली के घर गई थी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले के** तरावड़ी थाना क्षेत्र में दो नाबालिग छात्राएं संदिग्ध हालत में लापता हो गई। दोनों छात्राएं सहेली थी और दोनों 10वीं कक्षा में गांव के एक निजी स्कूल में पढ़ती थी। परिजनों ने दोनों के अपहरण का शक जताया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पिता ने बताया कि बीती 21 जनवरी को वह काम पर गया हुआ था। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी गांव में ही अपनी सहेली के घर गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। देर शाम तक उसकी बेटी घर वापस नहीं आई तो वह उसकी सहेली के घर गए।

गांव में जब दूसरी लडकी के माता पिता ने उन्होंने अपनी बेटी के बारे पूछा तो उन्होंने बताया कि दोनों घर से दोपहर को कुछ काम की कहकर घर से निकली थी, लेकिन अब तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद उन्होंने दोनों लड़कियों की अन्य सहेलियों व रिश्तेदारियों में खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया कि उनकी एक बेटी 16 साल की है तो दूसरी बेटी 15 साल की है। दोनों पढ़ाई में बहुत होशियार थी। दोनों बेटियों का किसी के द्वारा अपहरण किया गया है। परिवार के लोगों ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे भी चैक किए लेकिन दोनों को कोई सुराग नहीं लगा पाया।

तरावड़ी थाना के जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित परिवारों की शिकायत के आधार पर भादंसं की धारा-365 के तहत मामला दर्ज कर दोनों नाबालिग छात्राओं की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों लड़कियों का पता लगा लिया जाएगा।

## छात्रों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)किड्जी** एवं किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रांगण में स्कूल कार्यकारिणी ,स्टाफ व बच्चो ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नेताजी को पुष्प अर्पित कर नमन किया। शैक्षणिक इंचार्ज श्रीमति मेघा धमीजा ने अपने सन्देश में कहा की हमे नेताजी के जीवन से नीडरता और धैर्य के साथ देश भक्ति की भावना पैदा होती है। नेताजी एक क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने कहा था की "तुम मुझे खून दो, में तुम्हे आजादी दूंगा" का नारा दिया।स्कूल मैनेजर परमिंदर बाठ ने कहा की उच्च विचारों से कमजोरियां दूर होती हैं और आशा की कोई न कोई किरण होती है ,जो हमे कभी जीवन से भटकने नहीं देती।

## महिला अपराधों के बारे में किया जागरूक

### छात्राओं को गुड टच बेड टच और पोक्सो एक्ट की दी गई जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीएसपी** महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने केंद्रीय विद्यालय हरिसिंहपुरा में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया। महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। टीम ने छात्राओं को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।



पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच बारे भी सावधान किया। टीम ने छात्राओं को यह भी ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नही कर रहा है । और निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को अच्छी नजर और बुरी नजर के बारे भी सावधान किया। महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालो को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया गया। छात्राओं को यह भी बताया कि महिला सुरक्षा के लिए जिला में दुर्गा शक्ति के नाम से टीम का गठन किया हुआ है, जो कि शहर में स्कूल, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हमेशा सहायता के लिए तत्पर रहती है। दुर्गा शक्ति एप पर जाकर एक क्लिक करके आप भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया सीएम आवास का घेराव

### कर्मचारी रेलवे रोड फ्लाईओवर के नीचे एकत्रित हुए। इसके बाद उन्होंने सड़क पर उतरकर सीएम आवास तक प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। सीएम** सिटी में आज नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले सीएम आवास का घेराव किया। दोपहर करीब ढाई बजे सैकड़ों की संख्या में महिला.-पुरुष कर्मचारी रेलवे रोड फ्लाईओवर के नीचे एकत्रित हुए। इसके बाद उन्होंने सडक पर उतरकर सीएम आवास तक प्रदर्शन किया। सीएम आवास के पास पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उनका रस्ता रोका। इसके बाद सभी कर्मचारी ठंड में ही सडक पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान महिला कर्मचारियों ने जमकर सरकार को कोसा और प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



करीब एक घंटे बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों से ज्ञापन लिया और उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारी सडक से उठकर अपने काम पर लौट गए। इस दौरान उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वह बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका

**मांगो को लेकर**

8 सुशील ने बताया कि नगर पालिका कर्मचारी पिछले 9 सालों से अपनी मांगों को लेकर सरकार को अवगत करवाते आए हैं

कर्मचारी पिछले 9 सालों से अपनी मांगों को लेकर सरकार को अवगत करवाते आए हैं, लेकिन आज तक उनकी कोई भी मांग पूरी नहीं हुई। उनकी मुख्य मांग यह है कि सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, ताकि वह अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे से कर सकें। इसके साथ ही कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मागें पूरी नहीं की तो सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। महिला सफाई कर्मचारी सुमित्रा, संतरो, बबली और बानी देवी ने बताया कि 13 सालों से वे सफाई कर्मचारी के तौर पर काम कर रही हैं। कर्मचारी की 9 मुख्य मागे हैं। 2014 में भाजपा ने सरकार बनने से पहले अपने घोषणा पत्र में सफाई कर्मचारियों को पक्का करने, उनके पे स्केल को बढ़ाने का आश्वासन दिया था। इसके अलावा भी बीच में सरकार ने कई घोषणाएं कर्मचारियों के लिए की। प्रदेश में भाजपा सरकार को बने हुए साढ़े 9 साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकार ने उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

## विद्यालय के प्रबंधक, स्वामी रोशन पुरी जी महाराज अचानक हुए ब्रह्मलीन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक) विद्यालय के** प्रबंधक, स्वामी रोशन पुरी जी महाराज के अचानक ब्रह्मलीन हो जाने पर समुदाय, अभिभावक, अध्यापकों व छात्र छात्राओं के हृदय को गहरा आघात लगा है। यह शब्द व्यक्त करते हुए विधालय प्राचार्य भजन राठोर ने कहा कि स्वामी जी श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर के भी बरसों से प्रबंधक थे। विधालय संस्थापक महंत प्रभात पुरी जी महाराज के शिष्य थे।उन्होंने बचपन से ही संन्यास ग्रहण किया हुआ था। समाज की निःस्वार्थ सेवा कर रहे थे। बेटियों व वंचित वर्गों के लिए खोले गए इस स्कूल की स्थापना, परिचालन व वित्त प्रबंधन में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उन्हें,श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में साधु समाज द्वारा दी गई समाधि उपरांत प्राचार्य राठोर ने दुखी मन से बताया कि वो कन्याओं की शिक्षा के प्रति दिल से समर्पित थे। उनके नेतृत्व में स्कूल के अलावा सिलाई केंद्र, डिस्पैंसरी, लाईब्रेरी व प्याऊ जैसे अनेकों समाज सेवा के काम चल रहे थे। उनके जाने से समाज के हर वर्ग को अपूर्णीय क्षति हुई है। स्कूल के आने वाले इतिहास में उन्हें सदैव याद रखा जाएगा। समाधि देने के बाद सभी स्टाफ सदस्यों ने शोक सभा कर के श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा, रीटा योगी, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, मुख्य शिक्षिका सुशीला देवी, अनू पाहवा, सुमन धीमान, रेखा धीमान, आलिषा अरोड़ा, महेंद्र सिंह, मधु शर्मा, चांदनी चड्ढा, अनूप शर्मा, मोनिका माटा, तमन्ना, ज्योति रानी, कुसुम शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, मीरा रानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# 'जब प्रत्येक लेगा सौगंध तो नशा मुक्त भारत का सपना पूरा होगा'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन भापुसे साहब और अनिल कुमार साहब के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के दिशानिदेर्शों से प्रतिदिन हरियाणा के विभिन्न संस्थानों में जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उग्रा खेडी पानीपत में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 55 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य मही पाल राणा की उपस्थिति में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि आज संपूर्ण भारत राम नाम की एकता के सूत्र में बंधा है।

सभी धर्मो के लोग मिलकर आपसी प्रेम और भाई चारे के साथ एक बहुत ही सुंदर वातावरण के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। आज ही भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महानायक सुभाषचंद्र बोस की जयंती है। हम सब मिलकर उन्हें नमन करते हैं।

# पश्चिमी यमुना नहर में चार दिन से किशोर की तलाश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। जिले** की इंद्री पश्चिमी यमुना नहर में चार दिन पहले रेहड़ी सहित गिरे किशोर का मंगलवार को भी सुराग नहीं लग पाया। गोताखोर और पुलिस टीमें 13 डिग्री तापमान में भी नहर में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। पिछले 4 दिन से गोताखोर नहर में युवक की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अब तक किशोर का सुराग नहीं लग पाया है। परिवार के लोग भी पिछले 4 दिन से इंद्री पश्चिमी यमुना नहर पर डेरा डाले हुए हैं। दिन रात ठंड में बेटे के मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जब से बेटे की रेहड़ी सहित नहर में



गिरने की सूचना मिली है, तब से घर में चूल्हा तक नहीं जला। आस पड़ोस के लोग ही परिवार को समझा बुझाकर खाना खिला रहे हैं। नाबालिग बेटे को लेकर परिवार गहरे सदमे में है। बता दें कि बीते शनिवार शाम करीब 7 बजे इंद्री के वार्ड नंबर 5 निवासी 15 वर्षीय वीरेंद्र अपनी साइकिल रेहड़ी जिसमें फल भी थे, उसे लेकर घर की तरफ जा रहा था। लेकिन जब वह पश्चिमी यमुना के पास से गुजर रहा था। तभी अचानक वह रेहड़ी सहित नहर में जा गिरा। इसके बाद वीरेंद्र का कोई सुराग नहीं लग पाया। वीरेंद्र के पिता सुभाष ने बताया कि अपने बच्चों का पालन पोषण करने के लिए वह व उसकी पत्नी इंद्री में ही फलों की रेहड़ी लगाते थे। स्कूल से आने के बाद वीरेंद्र भी उनका काम में हाथ बंटवा देता था। शनिवार शाम को वह और उसकी पत्नी घर पर आ गए, जबकि वीरेंद्र रेहड़ी लेकर 7 बजे घर की तरफ आ रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

इंद्री थाना के जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि पिछले चार दिन सें पुलिस सरकारी गोताखोर के साथ नहर में सर्च अभियान चला रही है।

# आने वाला समय तकनीक से जुड़कर आगे बढने का है: रेनू बाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। रेलवे** रोड स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में विकसित भारत यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय तकनीक से जुडकर आगे बढने का है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भारत 2047 तक भारत विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत सबसे ताकतवर देश के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनेगा। इसका समय तय किया गया है। यह पहला कुशल प्रधानमंत्री है, जिन्होंने समय तय करके भारत को विकसित



बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टॉल्स का अवलोकन किया और योजनाओं का लाभ उठाने के लिये पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। इस मौके पर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर 13 लोगों की पेंशन, 3 पात्र महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनैक्शन तथा 2 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

इसी प्रकार वार्ड नम्बर 7 के अर्जुन गेट स्थित सेवा समिति में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर मेयर रेनू बाला गुप्ता मौजूद रही। अपने संबोधन में

**विकसित भारत**

8 निश्चित रूप से भारत 2047 तक भारत विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत सबसे ताकतवर देश के रूप में उभर रहा है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुक्त कंठ से सराहना करते हुये कृष्ण गर्ग ने कहा कि वे राष्ट्रभक्त हैं और गरीब परिवार से उठकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंचे हैं। मोदी देशहित में फैसले ले रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाये जाने के बाद वहां के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि राज्य में

# श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बांटे लड्डू

**बधाई**

8 व्यापारी भाइयों ने गर्मजोशी के साथ भगवान राम के नारे लगाए और एक-दूजे को बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा व्यापार मंडल की करनाल यूनिट की तरफ से आज नेहरू पैलेस मार्किट में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की खुशी में सभी व्यापारी भाइयों ने गर्मजोशी के साथ भगवान राम के नारे लगाए और एक-दूजे को बधाई दी। हरियाणा व्यापार मंडल की




करनाल यूनिट के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा ने अपने कार्यालय में सभी व्यपारियों का स्वागत किया और देश और प्रदेशवासियों को राम लला की बधाई दी। आज के कार्यक्रम में बाजार में खूब आतिशबाजी की गई, ढोल नगाड़ों के साथ सभी व्यापारियों ने एक-दूजे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की।

# भारतीयों के मन में नए विश्वास की प्राण प्रतिष्ठा

## संपादकीय

### प्राण प्रतिष्ठा के अविस्मणीय पल की साक्षी बनी दुनिया

**वैश्विक** स्तरपर ऐसा कोई उत्सव शायद ही पूरी दुनियां में किसी ने देखा या सुना हो जैसा भारी उत्साह सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के कोने-कोने से लेकर पूरी दुनियां के कोने-कोने में धूम रही। अमेरिका फ्रांस मॉरीशस ताइवान से लेकर नेपाल तक भारी उत्साह रिपोर्ट किया गया है। अनेक राज्यों में पूरी तरह बंद का माहौल देखने को मिला। मैं बता दूं कि हमारी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया नगरी में 22 जनवरी 2024 को सुबह से रात तक मैंने करीब करीब हर मंदिर गुरुद्वारा दरबार में ग्राउंड रिपोर्टिंग किया, तो मैं बेहद उत्सहा देखकर हैरान रह गया क्योंकि मेरी पूरी जिंदगी में या फिर 85 वर्ष प्लस बुजुर्गों से भी बात की तो उन्होंने अपनी जिंदगी में ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा था। भारत या पूरी दुनियां में एक प्रथा है कि अपने-अपने धार्मिक लोग उसे समाज तक ही सीमित रखकर मनाया जाता है। परंतु पूरे विश्व में शायद यह पहली बार हुआ होगा की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव पूरी दुनियां ने एक होकर का भारी उत्साह से मनाया जो अविस्मणिया पल बन गया,इस दिन को हजारों वर्षो पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा जैसे हजारों वर्ष पूर्व मूलत अयोध्या में 14 वर्षों के वनवास के बाद प्रथम बार प्रभु श्री राम अयोध्या आए थे तो उनका जोरदार स्वागत हुआ था हुआ था, जिसकी पुनरावृत्ति समय चक्र ने पूरी पारदर्शिता के साथ कर दी है। इसको हजारों वर्षों पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। चूंकि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की अविस्मरणीय बल्कि साक्षी पूरी दुनियां बन गई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, देश-विदेश के हर मंदिर में गजब का उत्साह, पूरी दुनियां में भजन कीर्तन से झूम उठे भक्तगण।

साथियों बात अगर हम इस अविस्मणीय पल की साक्षी अमेरिका सहित पूरी दुनिया की करें तो, अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विराजने की खुशी केवल देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी है। अमेरिका में न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक दिन पहले ही रविवार (21 जनवरी, 2024) को लोग प्रभु राम के रंग में नजर आए।न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर भगवान राम की तस्वीर देख भारतीय प्रवासी झूम उठे। परदेश में अपने देश की सांस्कृतिक विरासत और सनातन पर गर्व करते हुए श्री राम के भजन गाए और जयकारे लगाए। यहाँ भारतीय लोग पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने, हाथों में राम जी की तस्वीर वाले भगवा झंडे लिए, झूम-झूम के रामलला का गुणगान कर रहे थे। इसके साथ ही ढोल-नगाड़ों संग एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम जयकारा लगाता नजर आए।इस संबंध में यूके में भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा,भारतीय प्रवासियों ने राम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शानदार उत्सव के साथ टाइम्स स्क्वायर को रौशन किया। पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए लोगों ने भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करते हुए जीवंतता और एकता के साथ भजन और गीत गाए। अमेरिकी मेयर ने दी शुभकामनाएँवहीं अमेरिका में मैसाचुसेट्स के वॉर्सेस्टर शहर के मेयर जो पेटी ने भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए हिंदू समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वो इस मौके पर खुद भी मौजूद रहे।बताते चलें कि केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य मुल्कों में भी राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

राजेश माहेश्वरी

“नीदरलैंड्स सरीखे देश में राम मंदिर के चित्र वाले डाक टिकट जारी किए गए हैं। यूरोप के कई देश भी राममय हैं। इसका स्पष्ट निष्कर्ष है कि इतने व्यापक हैं श्रीराम! भारत की प्रत्येक दिशा में राम आराध्य हैं और 350 से अधिक रामायण सृजित की गई हैं। राम के लिए जितना महत्व अयोध्या का है, उतना ही रामेश्वरम का है। यह इस बात का प्रमाण है कि श्री राम की स्वीकार्यता पूरे विश्व में है। राम मंदिर और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा तक इस मामले में राजनीति कम नहीं हुई। प्राण-प्रतिष्ठा का कांग्रेस समेत कई दलों ने बहिष्कार किया। कांग्रेस का तर्क था कि प्राण-प्रतिष्ठा आरएसएस और बीजेपी का कार्यक्रम है। राम जन्म भूमि की मुक्ति के लिए सैकड़ों वर्षों तक चला संघर्ष जब अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचा तो फिर विधर्मी दासता के प्रतीक ढांचे को धूल धूसरित होते देर न लगी”

**अयोध्या** में राम मंदिर में राम लला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही लगभग 500 साल लंबी प्रतीक्षा खत्म हो गई। देष ही नहीं दुनिया के तमाम देषों में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का आनंद हवाओं में तैरता और गूंजता सुनाई दिया। राम मंदिर को लेकर बहुत लंबा आंदोलन चला है और संघर्ष किया गया है। उसमें आरएसएस, विहिप और भाजपा के नेता और कार्यकर्ता ही शामिल थे। असंख्य लोगों ने बलिदान भी दिए। संविधान पीठ के निर्णय से राम मंदिर का निर्माण संभव हो पाया। प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या का वैभव शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। दिन हो या रात, ऐसा लग ही नहीं रहा था कि अयोध्या सोएगी। हर ओर उत्साह, उमंग व भक्ति की लालिमा छाई हुई थी। लोग एक-दूसरे को मिठाई बांट रहे थे। जहां दृष्टि जाए, वहां सिर्फ श्रीराम की छवि या उनका नाम ही नजर आ रहा था। देष ही नहीं दुनियाभर में इस कार्यक्रम की धूम रही। करीब 55 देशों में प्रभु राम की मान्यता है। आज भी अमरीका के करीब 1100 मंदिरों में रामोत्सव मनाया जा रहा है। उसके भौतिकतावादी शहर भी राममय हैं और आपस में जय सियाराम के उद्घोष के साथ एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं। ब्रिटेन के 500 मंदिरों में श्रीराम विजयोत्सव मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी मंदिर जाकर रामायण का पाठ सुन सकते हैं। नीदरलैंड्स सरीखे देश में राम मंदिर के चित्र वाले डाक टिकट जारी किए गए हैं। यूरोप के कई देश भी राममय हैं। इसका स्पष्ट निष्कर्ष है कि इतने व्यापक हैं श्रीराम! भारत की प्रत्येक दिशा में राम आराध्य हैं और 350 से अधिक रामायण सृजित की गई हैं। राम के लिए जितना महत्त्व अयोध्या का है, उतना ही रामेश्वरम का है। यह इस बात का प्रमाण है कि श्री राम की स्वीकार्यता पूरे विश्व में है। राम मंदिर और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा तक इस मामले में राजनीति कम नहीं हुई। प्राण-प्रतिष्ठा का कांग्रेस समेत कई दलों ने बहिष्कार किया। कांग्रेस का तर्क था कि प्राण-प्रतिष्ठा आरएसएस और बीजेपी का कार्यक्रम है। राम जन्म भूमि की मुक्ति के लिए सैकड़ों वर्षों तक चला संघर्ष जब अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचा तो फिर विधर्मी दासता के प्रतीक ढांचे को धूल धूसरित होते देर न लगी। वह इस बात का प्रतीक था कि रावण की अभेद्य लंका को भी राम भक्ति की साधारण कही जाने



वाली शक्ति छिन्न–भिन्न करने में सक्षम है। 6 दिसंबर 1992 की वह घटना इतिहास के नए अध्याय की शुरूआत थी किंतु उसके पूर्व जिन पूज्य साधु-संतों और ज्ञात-अज्ञात कारसेवकों ने राम काज के लिए अपना बलिदान दिया उनकी पवित्र आत्माएं इस संघर्ष को प्रेरणा और प्रोत्साहन देती रहीं। राम मंदिर के लिए चली लंबी संघर्ष यात्रा का यह पल निश्चित रूप से अविस्मरणीय है। अयोध्या को उसकी प्राचीन भव्यता मिलने के साथ ही आज देश को अपनी दिव्यता का जो अनुभव हुआ वह सही मायने में सनातन परंपरा से जुड़े करोड़ों भारतीयों के मन में नए विश्वास की प्राण प्रतिष्ठा है। प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन को रोकने और धर्म विरोधी साबित करने के लिए जो कुछ भी किया गया वह जितना हास्यास्पद है, उतना ही दुखद भी है। लेकिन ये परम संतोष का विषय है कि देश के जनमानस ने आधुनिक मंथराओं को पूरी तरह तिरस्कृत कर दिया है। यहां तक कि कतिपय धमार्चार्यों की आपत्तियों का संज्ञान भी नहीं लिया जा रहा। यह बात भी बेहद उत्साहवर्धक है कि देश भर में फैले लाखों सनातनी धर्मगुरु, पंडित, पुरोहित और कथावाचक पूरे प्राण-प्रण से 22 जनवरी के आयोजन को भव्य और अविस्मरणीय बनाने में जुटे थे। देश का प्रत्येक कोना इन दिनों राम मय हो गया है। इतना बड़ा चमत्कार दैवीय कृपा से ही हो सकता है। ऐसे में जो लोग प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजन को विफल करना चाह रहे थे वे भारतीय जनमानस को पढ़ने में बुरी तरह विफल हैं। उनके इसी आचरण की वजह से वे जनता की निगाह से उतरते चले गए और बची खुची कसर आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी हो जाएगी। कांग्रेस और गैर कांग्रेसी विपक्षी दल भी यदि कमजोर होते जा रहे हैं तो उसकी वजह मुख्य धारा से अलग बहने की उनकी नीति है। आरएसएस, वीएचपी और भाजपा बीते कई दशक से अपना जनाधार बढ़ाने में जुटे हुए हैं। राम मंदिर पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार किए बिना ही अयोध्या में कारसेवकपुरम नामक स्थान पर पत्थरों की गढ़ाई का काम निरंतर चलता रहा। उसी का परिणाम है कि फैसला आने के बाद इतनी जल्दी मंदिर निर्माण संभव हो सका। दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आने के बाद भी भाजपा विरोधी मंदिर निर्माण का श्रेय उससे छीनने में जुटे रहकर अपनी समूची शक्ति व्यर्थ गंवाते रहे। यही कारण है कि आज जब पूरे देश में राम नाम का उद्घोष हो रहा है और पूरी दुनिया में फैले करोड़ों सनातनी 22 जनवरी को लेकर उत्साहित मना रहे थे तब समूचा विपक्ष कुंठाग्रस्त होकर बैठा हुआ था। इसे लेकर उसके भीतर भी विरोध फूटने लगा है जिसका देर-सवेर खुलकर बाहर आना तय है। अयोध्या में प्रभु राम का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विशुद्ध रूप से धार्मिक है। राम मंदिर से करोड़ों लोगों की आस्था जुड़ी है, लेकिन इस समारोह से भाजपा को राजनीतिक लाभ होना निश्चित है। धार्मिक और राजनीतिक के अंतर को समझना अनिवार्य है। एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक आयोजन को राजनीतिक करार देना अपरिपक्वता है। महज कोसते रहने से कांग्रेस को कुछ भी हासिल नहीं होगा।

राम का व्यक्तित्व, लोकतंत्र, लोकमंगल और आदर्श राज्य-व्यवस्था की अभिव्यक्ति है। उनका कृतित्व लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। उन्होंने रामराज्य नाम की जिस वैचारिकी का सूत्रपात किया। दुनिया के लगभग सभी लोकतंत्र का अंतिम लक्ष्य वही है। लोकतंत्र के सारे सूत्र इसी रामराज्य से निकलते हैं। आखिर ये राम हैं कौन? जिनका नाम लेकर एक वृद्ध गांधी अंग्रेजी साम्राज्य से लड़ गया। जिसके नाम पर इस देश में आदर्श शासन की कल्पना की गई। उसी रामराज्य के सपने को देख देश आजाद हुआ। गांधी ने अपने सपने को सुराज कहा। विनोबा इसे प्रेम योग और साम्य योग के तौर पर देखते थे। महात्मा गांधी ने राम राज्य, हिंद स्वराज को व्यापक स्तर पर परिभाषित किया था, लेकिन वह भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के खिलाफ थे। उनके दर्शन, उनकी आस्था और उनके राष्ट्रवाद को भारत ने गहराई से समझा और स्वीकार किया, नतीजतन वह महात्मा बन पाए। गांधी जी ने भी रामराज्य का सपना देखा था। ऐसा रामराज्य जिसमें पारदर्शिता के साथ वास्तविक सुशासन हो। एक आदर्श सुशासन की व्यवस्था ही उनके लिये सच्चा लोकतंत्र था। जिसमें राजा और रंक के समान अधिकार हों। उनकी दृष्टि में रामराज्य ममता समता का शासन था। सत्य और धर्म उसका आधार था। यद्यपि उनकी दृष्टि में राम-रहीम में कोई भेद नहीं था। बहरहाल, अब जब सदियों के विवाद का पटाक्षेप करके अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य विधिवत संपन्न हो गया है तो देश का ध्यान हमारे सामने मौजूद अन्य विकट चुनौतियों पर हो। राम शुभ हैं, राम मंगल हैं, राम प्रेरणा हैं, विश्वास हैं। वे धर्म की मूर्ति नहीं विग्रह हैं, स्वयं धर्म हैं। जीवन का मर्म हैं, आदि और अंत हैं। राम फिर लौटे हैं, त्रेता युग में राम अयोध्या में लौटे, अब मंदिर में लौट रहे हैं, राम अब अपने हृदय में भी लौटें। अपने हृदय में, अपने समाज में, अपने परिवार में, अपने जीवन के हर आयाम में रामत्व, राम तत्व लौटे. और भारत के लिए, मानवता के लिए कल्याणकारी राममय जीवन गढ़ें।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

### सर्दी की धूप

तुम सर्दी की धूप सी,
कभी कभी घर आती हो ।
कभी अंधेरा कभी उजाला,
फिर दूर कहीं चली जाती हो ।

सुबह सबेरे राह में देखूं,
सोचूं आज तो आओगी ।
मेरी ठिठुरन बढ़ जाती है,
जब बादल में छुप जाओगी ।

मेरे नैन अबोले होकर,
तेरी ही राह तकते हैं
तुझ से हटता देख कुहासा
दिन मेरे यूं कटते हैं ।

मैं रातों में पहरा देकर,
तुझको रात बुलाता हूं
बर्फ बने चाहे ठंडी राते,
इनसे कब घबराता हूं ।

तेरे आने से जीवन है ।
ये तो सारे जानते हैं,
सूरज से जब गर्मी मिलती,
इसको सारे मानते हैं

जगदीश

## संयम सफलता के द्वार पर दें दस्तक

संजीव

**गुजरे हुए समय** और बीते कल के मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोई हुई ख्याति,इज्जत को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है।इसीलिए यह कहावत कही गई है "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब, पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब"प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं,उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता।समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती, समय के महत्व को दशार्ते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है. इसलिए कहा गया है "का वर्षा जब कृषि सुखावे," इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है' समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है,और हजारों,लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है,वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक ना पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं। और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदउपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिको ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

## विचार

### त्वचा के ग्लो के लिए टोनर का उपयोग

शहनाज हुसैन

**टोनर** को हम अपने सौन्दर्य प्रसाधनों में सबसे कम अहमियत देते हैं क्योंकि अभी भी ज्यादातर महिलाएं इसके महत्व और उपयोग को लेकर जागरूक नहीं है जबकि टोनर दिन और रात में त्वचा के देखभाल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रोल अदा करता है / टोनर त्वचा की सफाई , नमी और पी एच स्तर के नियन्त्रण में मददगार साबित होता है / स्किन टोनर त्वचा को साफ कर पोर्स में फंसी गंदगी, मैल और अन्य अशुद्धियों को हटा देता है/ टोनर लगाने से स्किन हाइड्रेट रहती है/ टोनर के इस्तेमाल से रूखी त्वचा में नमी आती है/ टोनर आपकी त्वचा के पीएच लेवल के बैलेंस करने में मदद करता है/ चेहरा फेसवॉश करने के बाद आपकी त्वचा के रोम छिद्र खुल जाते हैं। इसलिए त्वचा पर कोई क्रीम या मॉइश्चराइजर लगाने से पहले टोनर का उपयोग करना चाहिए। टोनर त्वचा को गहराई से साफ करने के साथ.साथ त्वचा के पोर्स को टाइट करने में भी मदद कर सकता है तथा एक तरह का नैचरल लुब्रिकेंट होता जो आपकी त्वचा के प्रकृतिक तैलीय सन्तुलन बनाए रखने में मदद करता है / जब इसे नियमित रूप से उपयोग किया जाता हैए तो यह त्वचा में झुर्रियां, कील मुहांसों सहित त्वचा की कई समस्याओं को दूर कर देता है/ अगर आपने मेकअप किया है तो सबसे पहले मेकअप हटा लें और इसके बाद फेसवॉश से चेहरे को धो लें/ फेस की क्लीनिंग के बाद टोनर लगाएं /

आपने मेकअप नहीं किया हुआ है तो आप फेसवॉश के बाद टोनर का इस्तेमाल कर लें/ इसके बाद आप कोई सीरम या फिर अपना मॉइस्चुराइजर लगा सकते हैं/ इसके बाद आप अपनी ब्यूटी क्रीम को अप्लाई करें/ बाजार से टोनर खरीदना कई बार न केवल महंगा साबित होता बल्कि उसकी गुणबत्ता को लेकर भी काफी सबाल देखने में मिलते हैं / हमारे किचन में ही ऐसी कई चीजें मौजूद हैं जो टोनर का काम करती हैं और स्किन की खूबसूरती बढ़ाती हैं। गुलाब जल, खीरा, नींबू, खस जैसी सामग्री से आप घर पर ही टोनर बना सकती हैं। त्वचा को ताजा मुलायम बनाने के लिए ग्रीन टी, एप्पल साइडर विनेगर, आलू और टमाटर का भी उपयोग कर सकती हैं।

गुलाबजल और कच्चा दूध ऐसे स्किन टोनर हैं, जिनका उपयोग हर तरह की त्वचा पर किया जा सकता है / ये चीजें घर की दैनिक जरूरतों में भी उपयोग होती हैं। इसलिए आपको टोनर के लिए अलग से पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती है। ग्रीन टी टोनर त्वचा द्वारा उत्पादित सीबम को नियंत्रित करता है। यह स्किन को आयल फ्री बनाये रखता है। ग्रीन टी के एंटी बैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लामेट्री गुण सूजन को कम करते हैं। ये मुंहासों को कंट्रोल करते हैंए जिससे साफ, बेदाग त्वचा मिलती है।

नीम टोनर--नीम की पत्तियों को पानी में उबाल लें। उस पानी को बोतल में भर लें। इसको खराब होने से बचाने के लिए इसमें आधा चम्मच एप्पल साइडर विनेगर मिला लें / है। यह कील मुहांसे हटानेके लिए सबसे बढ़िया प्रकृतिक उपचार है /

**गुलाब जल -----------**

गुलाब जल सबसे अच्छा स्किन टोनर है। स्किन टोनर और फ्रेशनर बनाने के लिए गुलाब जल को विच हेजल के साथ मिलाया जा सकता है / आप रोज वॉटर और विच.हेजल से स्किन फ्रेशनर बना सकती हैं। ये मिश्रण न सिर्फ स्किन को टोन करता हैए बल्कि इसमें एंटीसेप्टिक गुण भी हैं , जो त्वचा को कोमल ,मुलायम और आकर्षक भी हेल्दी बनाए रखते हैं। यह त्वचा को ढीली होने से बचाता है और सूजन कम करने भी मदद करता है।

**घर पर बनाएं टोनर**

रोज वॉटर और विच.हेजल से घर पर टोनर बनाते समय अपने स्किन टाइप के अनुसार इसकी सही मात्रा चुनें। यहां पर हम ऑयलीए ड्राई और नॉर्मल स्किन के लिए रोज वॉटर और विच.हेजल का सही मिश्रण बता रहे हैं ताकि आप घर पर अपने लिए उपयुक्त टोनर बना सकें।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### प्राण-प्रतिष्ठा ने सनातनियों में नया जोश भर दिया

**भारत** में अयोध्या का रामलला मंदिर नया इतिहास रच गया। मेरी जानकारी में देश के किसी मंदिर में न कभी ऐसी भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है,ना ही शायद कभी भविष्य में हो। किसी मंदिर के निमित्त ऐसी सनातन धर्म और भक्ति की गंगा न कभी बही है और ना ही शायद कभी बहें। राम संगीत का ऐसा शंखनाद न कभी गुंजायमान हुआ है और ना शायद कभी भविष्य में हो। किसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दर्शन लाभ लेने की जनमानस में ऐसी लालसा न कभी पहली हुई न कभी भविष्य में हो। ऐसी लगा जैसे त्रेता युग ने पृथ्वी को पुनः स्पर्श कर दिया । अयोध्या के श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में क्या स्त्री -क्या पुरुष,क्या खास जनता-क्या आम जनता, क्या शिक्षाविद् और क्या वैज्ञानिक,क्या नेता-क्या अभिनेता, क्या धर्म गुरु क्या धर्म गुरुओं के शिष्य, क्या गीतकार -क्या संगीतकार, क्या फिल्म निमार्ता- निर्देशक, -क्या उद्योगपति क्या फुटकर व्यापारी,क्या देश-क्या विदेश सभी श्री राम लला के हो गए, राम लला के सामने नतमस्तक हो गए। साधु संतों का उत्साह तो बस देखते ही बनता था। उन्होंने अपनी वर्षों की तपस्या को फलित होते देखा है। सनातन धर्म और संस्कृति का अद्भुत प्रभाव देखने को मिला है। भारत में सनातनी एकजुट दिखा है, उसके मानसिक बल में वृद्धि हुई है। राजनैतिक विपक्ष के कुछ दल के लोग भी सनातन देवी देवताओं को स्मरण करते दिखे।सनातन संस्कृति और संस्कार के प्रति समर्पण इससे पहले शायद ही कभी देखा गया हो।

भारत की अधिकांश जनता ने अपने आप को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से जोड़ कर धन्य समझा,प्रत्यक्ष रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अपने सब काम काज को छोड़कर टकटकी लगाए अपने राम लला को भव्य मंदिर में विराजमान होते देखा , राम नाम की जय जय कार की,राम लला के सदियों बाद राम मंदिर में पधारने,नये स्वरूप में विराजमान होने का स्वागत किया । श्रीराम मंदिर और उसमें विराजित भगवान श्रीराम के बालक स्वरूप की छवि को जिसने देखा उसको आनंदित कर गयी और उसके श्रीमुख से निकला- अलोकिक, अद्भुत , आकर्षक, दिव्य।

## अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण सार्थक होगा.....

डॉ. सत्यवान सौरभ

**आज के** "रामराज्य" के संदर्भ में हमें निश्चित रूप से भ्रष्टाचार, हेरफेर और असामाजिक तत्वों के कई नए "अधर्मियों" से लड़ने के लिए अवधारणा के एक नए आदर्श की आवश्यकता है जो इन दिनों प्रचलित प्रतीत होता है। राम मंदिर पर राजनीति आस्था और विश्वास की दृष्टि से "रामराज्य" की अनिवार्यताओं में से एक हो सकती है, लेकिन प्रशासन की दृष्टि से - न्याय, सम्मान और गैर-जबरदस्ती महत्वपूर्ण है। आज, कई लोग "रामराज्य" को "हिंदू राज्य" से जोड़ने का प्रयास करते हैं जो पूरी तरह से अप्रासंगिक है क्योंकि "रामराज्य" का विचार कानून के शासन के सिद्धांतों पर आधारित था, न कि किसी धार्मिक सिद्धांत के शासन पर। ऐसे समय में, जब "रामराज्य" राजनीतिक वर्ग के लिए वोट हासिल करने का एक साधन बनता जा रहा है, तब "रामराज्य" के मूल आदर्शों और अनिवार्यताओं को संरक्षित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। मंदिर निर्माण के रूप में "रामराज्य" के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शासन-प्रशासन में भी सिद्धांतों को प्रचारित एवं क्रियान्वित करने की आवश्यकता है।

महात्मा गांधी सहित भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के कई महान नेताओं ने आधुनिक भारत के लिए अपने दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए राम राज्य शब्द का इस्तेमाल किया। जबकि धर्मनिरपेक्ष राजनेताओं ने राम राज्य को केवल एक रूपक तक सीमित करने की कोशिश की है, इसके आध्यात्मिक और योगिक अर्थ को भुलाया नहीं जा सकता है। राम राज्य धर्म की भूमि है, जिसे एक साझा सार्वभौमिक चेतना की मान्यता में काव्यात्मक रूप से युवा और बूढ़े, उच्च और निम्न, सभी प्राणियों और स्वयं पृथ्वी के लिए शांति, सद्भाव और खुशी के क्षेत्र के रूप में वर्णित किया गया है। राम राज्य न केवल अतीत का बल्कि सर्वकालिक आदर्श है, और हमें प्राचीन भारत और उसकी महान परंपराओं के गौरव की याद दिलाता है। रामायण का संदेश धार्मिक मूल्यों, कर्म योग और सभी जीवन की पवित्र प्रकृति के प्रति सम्मान रखने की आवश्यकता है, भले ही इससे व्यक्तिगत नुकसान हो या आत्म-त्याग की आवश्यकता हो। यदि हम ऐसा करते हैं, जैसा कि भगवान राम के मामले में हुआ, तो प्रकृति की सभी शक्तियां हमारी रक्षा में आ जाएंगी।

## न्यूज फ्लैश

### जिलाधीश ने जारी किए आदेश

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिलाधीश** डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत जानमाल की हानि रोकने और आमजन में शांति स्थापित करने हेतु आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार जिला में स्थित सभी जमीन और घरों के मालिकों जो अपने घरों को किराये पर देते हैं उन्हें सम्बंधित पुलिस स्टेशन के एसएचओ या इन्चार्ज को व्यक्तिगत तौर पर और रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से अपने यहां रखने वाले किरायेदारों के स्थाई पते, आधारकार्ड की प्रति और मोबाईल नम्बर के साथ-साथ घर का किरायानामा इत्यादि लिखवाकर देना होगा ताकि स्थानीय पुलिस स्थानीय सहायता इत्यादि के लिए उक्त व्यक्ति किराएदार का चरित्र और पूर्व के जीवन के बारे में जानकारी को सत्यापित करवा सके। जारी आदेशों में स्पष्ट्द तौर पर कहा गया है कि ये आदेश तुरंत प्रभाव से आगामी दो माह तक लागू किए गए हैं। उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** कम्युनिकेशन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। भारती हेक्साकॉम लिमिटेड भारत में राजस्थान और उत्तर पूर्व दूरसंचार सर्कल, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं, में ग्राहकों को उपभोक्ता मोबाइल सेवाएं, फिक्स्ड लाइन टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करती है। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रत्येक 5 रुपये के अंकित मूल्य के साथ 100,000,000 इक्विटी शेयरों की ह्यबिक्री की पेशकश शामिल है। भारती हेक्साकॉम लिमिटेड एयरटेल ब्रांड के तहत अपनी सेवाएं प्रदान करता है। कंपनी की गुणवत्ता वाले ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने और उन्हें कायम रखते हुए अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने की विशिष्ट रणनीति है। साथ ही, अपने ओमनी चैनल दृष्टिकोण और डेटा विज्ञान के उपयोग के माध्यम से उन्हें अनुभव प्रदान करने की रणनीति भी है। कंपनी के पास एयरटेल ब्लैक प्रीपोजीशन के तहत ऐसी डिजिटल ऑफरिंग्स हैं, जिससे परिवार और एकीकृत योजनाओं के माध्यम से ग्राहकों के जुड़ाव को और बढ़ावा दिया जा सके और उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार प्लान उपलब्ध कराए जा सकें। इस तरह की विशिष्ट रणनीति के परिणामस्वरूप पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कंपनी के राजस्व बाजार हिस्सेदारी में लगातार सुधार हुआ है। भारती हेक्साकॉम अपनी लाभप्रदता में सुधार करने और बेहतर स्थिति के साथ एक कुशल पूंजी संरचना बनाए रखने के लिए विवेकपूर्ण कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन उपाय करती है। कंपनी नेटवर्क विस्तार, टैक्नोलॉजी संबंधी एडवांसमेंट और विवेकपूर्ण स्पेक्ट्रम निवेश में लगातार निवेश करती है। 30 सितंबर, 2023 तक, भारती हेक्साकॉम ने अपने फ्यूचर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर में पूंजीगत व्यय में ?203 बिलियन का निवेश किया था। कंपनी को हमारे प्रमोटर, एयरटेल के साथ अपने व्यापक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल अनुभव और अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली डिजिटल सेवाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण सहयोग भी मिलता है। एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, बीओबी कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने शून्य समर्पण शुल्क के साथ उद्योग की पहली वार्षिकी योजना शुरू की

**गुडगाँव/फरीदाबाद:** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लाभ बढ़ाने के साथ आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी लॉन्च किया है, जो उद्योग की पहली वार्षिकी योजना है जो खरीद की तारीख से किसी भी समय प्रीमियम का 100% रिफंड प्रदान करती है। एक वार्षिकी उत्पाद ग्राहकों को जीवन भर गारंटीकृत आय प्रदान करता है जिससे वे वित्तीय रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने में सक्षम होते हैं। ग्राहक आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान में प्रीमियम की छूट के साथ संयुक्त जीवन का विकल्प चुन सकते हैं, जो ग्राहक की मृत्यु की स्थिति में भविष्य के सभी प्रीमियम माफ कर देता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि गारंटीशुदा नियमित जीवन भर आय का उत्पाद लाभ दूसरे वार्षिकीधारक या संयुक्त धारक को दिया जाएगा। ग्राहक की पसंद के आधार पर दूसरा वार्षिकीकर्ता जीवनसाथी, माता-पिता, बच्चे आदि हो सकते हैं। हाल ही में, आईआरडीएआई ने ग्राहकों को उचित और उचित समर्पण मूल्य प्रदान करने के लिए नियमों का प्रस्ताव दिया है, लाभ बढ़ाने वाले आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी को प्रस्तावित नियमों के अनुरूप डिजाइन किया गया है जिसका उद्देश्य जीवन बीमा उत्पादों की मांग बढ़ाना है। गौरतलब है कि ग्राहकों को अप्रत्याशित वित्तीय दायित्वों के प्रबंधन में सक्षम बनाने के लिए, उत्पाद ऋण सुविधा प्रदान करता है ताकि ग्राहकों की सेवानिवृत्ति योजना के लक्ष्यों से समझौता न हो।

# योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए गोहाना पहुंची संकल्प यात्रा

## सांसद रमेश कौशिक ने किया नगर परिषद कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

**गोहाना(सोनीपत)/टीम एक्शन इंडिया/**
**शहर** के लाभार्थियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गोहाना पहुंची। यात्रा के तहत नगर परिषद कार्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। इस दौरान सांसद ने गोहाना में सरकार द्वारा नियमित की गई कॉलोनियों में शामिल आर्य नगर एक्सटेंशन व श्रीराम शरणम कालोनी पार्ट-2 की विभिन्न गलियों का शिलान्यास करने के साथ-साथ ड्रेन नंबर-08 पर बनी सडक का भी उद्घाटन किया।

सांसद ने जनसंवाद कार्यक्रम में सबसे पहले उपस्थित लोगों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की सुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस ने देश को

**उद्घाटन**

**8 विभिन्न गलियों का शिलान्यास करने के साथ-साथ ड्रेन नंबर-08 पर बनी सडक का भी उद्घाटन किया**

अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने के लिए आजाद हिंद फौज बनाई और देश को आजाद करवाने में अपने प्राणों को न्यौछावर किया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को ऐसे क्रांतिकारियों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने चाहिए ताकि हमारा देश आत्मनिर्भर और विकसित बन सके। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की गई, जिसके बाद पूरा देश राममय हो गया है। देश-प्रदेश



की महिलाओं के लिए बदलाव का प्रतीक है ह्यउज्ज्वलाह्ल योजना- सांसद सांसद ने कहा कि ह्लविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ल के माध्यम से अंतिम और वंचित व्यक्तियों का विकास कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना मोदी की ह्यगारंटीह्ल है। मोदी जी की ह्यगारंटीह्ल वैन केंद्र व राज्य सरकार की ह्यअंत्योदयह्ल व ह्लगरीबह्ल कल्याण योजनाओं व सेवाओं का लाभ घर-घर जाकर दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ह्यउज्ज्वलाह्ल योजना देश-प्रदेश की माताओं-बहनों के लिए वरदान बन कर आई है, अब उन्हें खाना बनाते समय लकडि?ों से उठने वाले धुएं से जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल पूरे देश में जा रही है, भारत के विभिन्न कोनों से महिलाएं प्रधानमंत्री ह्यउज्ज्वलाह्ल योजना से उनके जीवन में आए बदलाव को साझा करने के लिए आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 2016 में शुरू की गई यह योजना देश-प्रदेश की महिलाओं के लिए बदलाव का प्रतीक है।

**पोर्टल के माध्यम से ऑटो मोड में बन रही बुढ़ापा और दिव्यांग पेंशन-सांसद**

सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि सरकार ने सभी विभागों की कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को ऑनलाइन मोड पर अपडेट कर दिया है। इसी कारण अब लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। अब लोगों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का घर बैठे सीधा लाभ मिल रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू किए गए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से स्वतः ही सरकार की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि अब बुढ़ापा व दिव्यांग पेंशन पोर्टल के माध्यम से स्वतः ही बन रही है, जिससे बुजुर्गों व दिव्यांगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वृद्धजनों व दिव्यांगों के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है।

**मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक ने प्रदर्शनी का किया अवलोकनः-**
सांसद रमेश कौशिक ने ह्यविकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्राह्य के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन हुए नागरिकों से आह्वान किया कि ह्यविकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्राह्य में पहुंच कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभ उठाएं।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस को अर्पित की पुष्पांजलि

**हिसार: महान** स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन के कार्यालय में पराक्रम दिवस मनाया गया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा व तरुण जैन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करके उनके कार्यों को याद किया।

इस अवसर पर रणबीर गंगवा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा देकर नेताजी ने लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 'प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का हर व्यक्ति को पहुंच रहा लाभ'

## अधिकारियों ने वार्ड वासियों को दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को वार्ड 17 में पहुंची। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को सम्बोधित करते हुए बीजेपी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भटट ने कहा कि वर्तमान सरकार अंतिम और गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है। देश में कोई भी गांव या वार्ड नहीं बचा जहां बिजली,पानी व गैस का कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया हो। सरकार गरीब आदमी को हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने की प्रति शुरू से ही गंभीर है।

**ऐतिहासिक**

**8 सरकार अंतिम और गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही**

उन्होंने कहा कि सभी योजनाएं का लाभ नागरिकों को दिया जा रहा है। विकसित भारत यात्रा के तहत भारत को दुनिया में खड़ा किया जा रहा है लोगों की हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी सोच के साथ इस संकल्प यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के 2 लाभार्थियों को निशुल्क गैस किट प्रदान की व सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीब और पिछड़े लाभार्थियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित कि जा रही है। इस यात्रा का ध्येय अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना व लाभ पहुंचना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गरीब और वंचित लोगों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करना है। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 10 मिनट का संबोधन व किस तरह से हरियाणा विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है की 5 मिनट की मूवी भी नागरिकों को दिखाई गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत दो लाभार्थियों को मुक्त गैस किट भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई व्यक्ति भूखा ना रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले।

### श्रीराम लला के घर वापिस लाने को लेकर किए गए पीएम के प्रयासों को रखा जाएगा याद: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)विधायक सुभाष** ने कहा कि भगवान श्री राम लला को अयोध्या श्री राम मंदिर में वापिस लाने के लिए किए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को हमेशा याद रखा जाएगा। इस महापर्व को लेकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर कई दिन तक कार्यक्रम चलेंगे और भंडारों का आयोजन किया जाएगा। इस पावन पर्व को सभी नागरिकों ने दीवाली की तरह मनाया और देर रात्रि तक आतिशबाजी और पटाखे चलाए गए। विधायक सुभाष सुधा ने गत्त देर सायं तक गांव हथीरा, बारना, रोटरी चौक, स्थाणेश्वर महादेव मंदिर, सेक्टर-9 लॉटस ग्रीन सिटी, सेक्टर-3, 13, 17 व 30 सहित दर्जनों जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इतना ही नहीं विधायक सुभाष सुधा ने जहां मंदिरों में साफ-सफाई के अभियान को जारी रखा, वहीं नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा ने गत्त देर सायं तक श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद भी वितरित किया। विधायक सुभाष सुधा ने गांव हथीरा के बाला सुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और कलश यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया। इसी तरह रोटरी चौक पर भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा स्थाणेश्वर महादेव मंदिर में भी पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के साथ श्री राम लला के वापिस आने का जश्न मनाया।

# श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट ने प्राथमिक पाठशाला, ग्राम खुखराना में वुलन जर्सी का किया वितरण

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**श्री** फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम खुखराना के शासकिय प्राथमिक पाठशाला में वुलन जर्सी का वितरण किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की बढती सर्दी को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भाँति श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा शासकिय प्राथमिक पाठशाला के कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के 100 बच्चों को वुलन जर्सी प्रदान की



गई।उक्त आयोजन में शिक्षा विभाग, मतलौडा के डी० ई० ओ० श्री मनीष गुप्ता, प्रिंसिपल श्रीमति सविता गौरिया और अन्य प्राध्यापकगण, खुखराना ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि नरेश कुमार, सरपंच सदस्य मुकेश, प्रदीप, नरेश, विरेन्द्र एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, सोमबीर सिंह, प्रियंका चौधरी, राहुल भाद्ववाज, एवं रंजीत सिंह भी मौजूद रहें।

# प्रेम नगर स्कूल में मनाया श्रीराम प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर में श्रीराम मंदिर स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचंद्र शर्मा सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर श्रीराम मंदिर के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित करके श्री राम जी की जय जय करके गुणगान किया ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम चंद्र शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के सुदीर्घ अंतराल के बाद ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर प्राप्त हुआ है। आज पूरा भारत भाव विभोर और भाव विह्वल है। पूरी दुनिया की दृष्टि आज मोक्षदायिनी अयोध्याधाम पर है।

जिह्वा पर राम-राम है।

इस अवसर पर प्राइमरी हैड हरिंदर कौर मैडम सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने राम चरित मानस की चौपाइयां गायी गई।

# प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में संकीर्तन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) आहलूवालीआ** बिल्डिंग अंबाला छावनी में महिला मंडल के द्वारा राम नाम संकीर्तन किया गया यह कीर्तन अयोध्या में राम जी के मंदिर निर्माण और राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में किया गया इस में सब ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खूब भजन कीर्तन गाकर जय श्री राम के नारे लगाए और राम जी का भव्य स्वागत छोटे छोटे बच्चों द्वारा राम, सीता, लक्ष्मण और भीलनी के रूप में किया गया ' सनव , अथर्व माही और सूची ने ये भूमिका बखूबी निभाई वही इन सब का स्वागत लिजा , मिष्टी शिल्पी, परी, वृंदा और हिया द्वारा सुन्दर भजन' सजा दो घर गुलशन सा अवध में राम आए है '



नाच गा कर किया गया ' वही नाचे रे अवधपुर की नारिया और मिथिला का कण कण खिला भजन गा कर सभी को मोहित कर दिया और खूब रौणक लगाई ' वही महिला मंडल से विजय गुप्ता, शमा शारदा, उर्मिल खन्ना, विजय वालिआ, अजय वालिआ, मीनू पाहुजा, शवेता मेहता, बबली वालिआ आदि ने मिल जुल कर सारा प्रबंध किया व सभी बिल्डिंग वालो ने खूब नाच गा कर भगवान राम जी का आगमन किया ' ये महिला मंडल पहले भी सभी नवरात्रे जन्म अष्टमी होली बसंत और अन्य खुशी के मौके पर कीर्तन और भंडारा करते रहते है।

### एडीजीपी ने जन शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए ऐप का किया उद्घाटन

**हिसार: हिसार** मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने पुलिस विभाग में आने वाली जन शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए कम्पलेंट मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएस) ऐप का उद्घाटन किया। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली को पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए मंडल स्तर पर ऑनलाइन कम्पलेंट मॉनिटरिंग सिस्टम एपलिकेशन की विधिवत शुरूआत की गई है। इस ऐप की सहायता से आम जनता की शिकायत पर अनुसंधान अधिकारी (आईओ) से लेकर एडीजीपी स्तर पर पूरी कार्यवाही की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

# कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी संस्थान ने मनाई नेताजी की जयंती

## द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
**पिपली रोड** स्थित कुरुक्षेत्र फायर एंड सेफ्टी संस्थान में संस्थान के छात्रों व कुरुक्षेत्र जिला की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को माला अर्पण कर मनाई 127 वीं जयंती। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरुनाम सैनी प्रधान सैनी सभा कुरुक्षेत्र ने अपने संबोधन में कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया। उनके



द्वारा दिया गया नारा जय हिंद भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। इस अवसर पर डायरेक्टर राजेंद्र सैनी ने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इंस्टिट्यूट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी 12वीं पास छात्र एक वर्षीय फायर सेफ्टी कोर्स करके देश के विभिन्न भागों में रोजगार प्राप्त कर सकता है। यह कोर्स एमएसएमई भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। कैप्टन गुरमेल सिंह एमडी ने आए हुए अतिथियों को

**याद किया**

**8 प्रधान सैनी सभा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े नेता**

स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से सरदार परमिंद्र सिंह बाठ एमडी किडजी स्कूल, सूबेदार मेजर रविंद्र कौशिक ,सरपंच हरिपुर बडाम, सतीश शर्मा पूर्व ए आर के यूके, मैडम ज्योति, पूजा, ऋषभ सैनी ,विकास व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# अंतिम छोर तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं: कविता जैन

## पूर्व मंत्री ने उपस्थित शहरवासियों को दिलाई हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
केन्द्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं हर पात्र शहरवासी तक पहुंचे इसी उद्देश्य से देश व प्रदेश में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को सोनीपत शहर की सिक्का कॉलोनी स्थित गोसाई धर्मशाला, वार्ड नंबर-11 सारंग रोड़ स्थित ज्ञान नगर चौपाल पहुंची, जहां पर शहरवासियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के अंतर्गत सिक्का कालोनी में कविता जैन तथा ज्ञान नगर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बतौर मुख्यातिथि किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा



सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉलों का अवलोकर कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में आने वाले हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करें। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र

**लाभार्थी**

**8 सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है**

हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है।

**अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंच रही केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाएं:** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सोनीपत स्थित ज्ञान नगर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

# प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा सनातन धर्म के लिए गर्व की बात: हरपाल ढांडा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मोतीराम** कॉलोनी स्थित श्री शिव खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन श्री शिव श्याम सेवा सभा के प्रधान ईशम कुमार पांचाल द्वारा किया गया। जिसमें मनोज पांचाल एंड पार्टी ने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा रहे।



जिनका फूल माला डालकर आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया। भजन संध्या में भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। मनोज पांचाल द्वारा दी गई प्रस्तुति जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे, अवध में विराजे राम, आएंगे राम आएंगे के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि 500 साल बाद भगवान श्री राम अपने मंदिर में विराजे हैं। यह हम सब सनातन धर्म के लोगों के लिए गर्व की बात है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा 75वां गणतंत्र दिवस समारोह : एडीसी आनंद शर्मा

**जिम्मेदारी**

8 अधिकारियों जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर करें पूरा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 जनवरी को जिला स्तरीय 75वें गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाने के लिए विभागवार जिस भी अधिकारी जो जिम्मेदारी तय की गई है, उसे निर्धारित समय पर बेहतर तरीके के साथ अन्य विभागों के अधिकारियो और कर्मचारियों के तालमेल करके पूरा करना सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर-12, हेलीपेड ग्राउंड में मनाया जाएगा। आज मंगलवार को एडीसी आनंद शर्मा सेक्टर-12 लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक कर सभी विभागों के अधिकारियों को उनके विभागवार सम्बंधित जिम्मेदारी के लिए दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां निर्धारित समय पूरी करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने इस दौरान सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी-अपनी तैयारियां पूरी रखें। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करने वार मेमोरियल पर पुष्प अर्पित करने और राष्ट्रीय ध्वज फहराने की व्यवस्था, वीवीआईपी, वीआईपी स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और समाज सेवी संस्थाओं के सम्मानित होने वाले प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, परेड की टुकड़ियों की रिहर्सल तथा मैन स्टेज की व्यवस्था, माईक सर्विस, प्रैस गैलरी, बिजली, पानी, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए विभाग वार एक एक करके जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, सीटीएम हरिराम, जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया, रेडक्रॉस सचिव बिजेंद्र सौरोत, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तनसिंह जी की जयंती भव्य जन्म शताब्दी समारोह के रूप मैं मनाई जाएगी: भाटी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
पूज्य श्री तनसिंह जी की जयंती भव्य जन्म शताब्दी समारोह के रूप मैं मनाई जाएगी । इसका आयोजन 28 जनवरी 2024 रविवार दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में किया जायेगा। इसको लेकर मंगलवार को श्री क्षत्रीय युवक संघ की टीम जैसलमेर से फरीदाबाद जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी से उनके कार्यालय पर मुलाकात करने पहुंची । इस मौके पर आयोजकों ने श्री उमेश भाटी जी को निमंत्रण पत्र दिया। इस अवसर पर श्री क्षत्रीय युवक संघ मुख्य सदस्यो में भूभत सिंह, कंकराज सिंह, सेतरावा जोधपुर एडवोकेट, सज्जन सिंह, गजसिंह, अनिल सिंह, नारायण सिंह शेखावत अध्यक्ष राजकुंल संस्था, सेक्टर -8 से मिलने पहुंचे। इस मौके पर पूज्य श्री तनसिंह जी की जयंती को भव्य जन्म शताब्दी समारोह के रूप मैं जहां विचार विमर्श हुआ । वहीं इसमें फरीदाबाद से ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को लाने पर रूपरेखा भी तैयार की गई। जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी ने कहा कि तिगांव विधानसभा से ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को लेकर के वह दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में इस भव्य कार्यक्रम में शरीक होंगे। श्री उमेश भाटी ने कहा की श्री क्षत्रीय युवक संघ की टीम जैसलमेर से चलकर उनके पास पहुंची है वह सभी का तहे दिल से धन्यवाद करते है ।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्माकुमारीज ने रामलला स्थापना की खुशियां मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
अयोध्या में रामलला मूर्ति स्थापना के अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज के बसंत विहार स्थित आश्रम पर हर्षोल्लास का माहौल रहा। आश्रम पर सभी उपस्थित भाई बहनों ने दीपक प्रज्जवलित कर भगवान श्रीराम को याद कर परमात्मा से विश्व में राम राज्य स्थापना करके लोगों के दुख दूर करने की प्रार्थना की। आश्रम संचालिका बीके अर्चना बहन ने सभी को इस अवसर की बधाई देते हुए आत्म शुद्धिकरण एवं पवित्रता की धारणा करने पर बल दिया। ब्रह्मा कुमारीज सेंटर के भवन पर रात्रि में भी दीपावली की तरह दीपक जलाये गए। इस अवसर पर बीके सुदेश, बीके सोनम, बीके प्रीति सहित अन्य मौजूद रहे।

### धान चोरों से 35 हजार रुपये की नकदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
धान चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार हुए तीनों आरोपितों का मंगलवार को रिमांड समाप्त हो गया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गन्नौर पुलिस ने 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपित रितेश के घर से 11 हजार रुपये व अजय व सन्नी के घर से 12-12 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया, जहां से पुलिस ने आरोपितों को धान चोरी के दूसरे मामले में फिर से एक दिन के रिमांड पर लिया है

### प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ थाना बनने पर भाकियू ने एसीपी व बड़ी थाना प्रभारी का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
हरियाणा में एचएसआईआईडीसी बड़ी थाना प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ थाना बनने पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसीपी गन्नौर व बड़ी थाना प्रभारी को सम्मानित किया। भारतीय किसान यूनियन अंबावत के जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग में एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया है। इसका पूरा श्रेय एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा व बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार को जाता है। उन्होंने पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपना काम किया। थाना का स्टाफ ने भी अपने अधिकारियों के दिशा निर्देश पर बेहतर कार्य किया जिसके लिए वह भी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र का बड़ी थाना दूसरे जिलों के लिए भी मिसाल बन गया है। यहां के क्षेत्र के लोगों के लिए भी यह गौरव का विषय है। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसीपी गोरखपाल राणा व बड़ी थाना प्रभारी मनीष कुमार को बुके भेंट करने के साथ-साथ प्रशंसा पत्र भी भेंट किया। इस मौके पर राजेंद्र सरोहा, ब्लाक प्रधान बलजीत, प्रकाश, रणधीर, जयप्रकाश, राई ब्लाक प्रधान वेदू, दलेल, रमेश सहित अन्य मौजूद रहे।

### 420 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद, 23 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिलीप मूल रुप से दिल्ली जैतपुर हर्ष विहार का तथा वर्तमान में पंचशील कॉलोनी पल्ला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से पल्ला चौक नजदीक पल्ला पुल से काबू किया है।

आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 420 ग्राम गांजा बरामद किया हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में अवैध नशा तस्करी करने की धारों में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजा को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास किसी व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी गांजा को पुडिया बनाकर 100/150 रुपए में बेच देता है। आरोपी नशा करने का आदि है। आरोपी पहले ऑटो ड्राईव करने का काम करता था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया।

## गुप्तिधाम में 501 दीये जला कर की पूजा अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो गई। जिसके बाद शाम को लोगो ने अपने घरों की छतों पर दीये जला कर खुशियां मनाई।
गुप्ति धाम में भी देर शाम 501 दीये जलाए गए और भगवान महावीर की पूजा की गई। गुप्ति सागर महाराज ने बताया कि करीब 500 वर्ष बाद यह दिन देखने को मिला, जब प्रभु श्री राम अपने घर विराजमान हुए हैं। लंबे संघर्ष के बाद यह दिन आया जिस वजह से पूरा देश इसे दीवाली की तरह मना रहा। उन्होंने बताया कि भगवान राम प्रेम, शांति और स्नेह के प्रतीक है।

# राज्यपाल ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कैलेंडर का विमोचन

**विमोचन**

8 कुलपति डॉ. राज नेहरू ने हर महीने के थीम का विवरण राज्यपाल के समक्ष रखा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कैलेंडर का ऑनलाइन विमोचन किया। यह कैलेंडर भगवान श्रीराम चंद्र, अमृतकाल और विकसित भारत के मिश्रित थीम पर बनाया गया है। कैलेंडर में तीन सर्वाधिक महत्वपूर्ण थीम शामिल करने के लिए राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 का बहुत सुंदर और सारगर्भित कैलेंडर बनाया है। यह सिर्फ तारीखों और महीनों का संकलन नहीं है, बल्कि एक वर्ष के काल खंड का उन्नतशील नियोजन भी है। यह कैलेंडर भगवान श्री राम चंद्र जी को समर्पित है। इस कैलेंडर के हर पृष्ठ पर रामायण की एक चौपाई दी गई है, जो हमेशा भगवान राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा देती रहेगी। राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस कैलेंडर की प्रत्येक तिथि आप सबको विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती रहेगी। राज्यपाल ने कैलेंडर की थीम और उसके सुंदर डिजाइन के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा को बधाई दी।
कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कैलेंडर के कवर पेज से लेकर प्रत्येक महीने के थीम का राज्यपाल के समक्ष विवरण प्रस्तुत किया। इस कैलेंडर में विकसित भारत के घटकों को बहुत सुंदर तरीके से संजोया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि भारत के सर्वांगीण विकास के यह द्योतक कैलेंडर के रूप में सबके सामने हमेशा रहेंगे, तो सब अपने लक्ष्यों के प्रति सजग रहेंगे। यह श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का एक सराहनीय प्रयोजन है। उन्होंने बताया कि कैलेंडर में स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, चंद्रयान, तेजस, आयुष्मान भारत, जीडीपी, जीएसटी, कोविड वैक्सीनेशन, आधार कार्ड, स्वच्छ भारत और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों को समाहित किया गया है। भगवान श्री राम चंद्र के चित्र को उकेरने के साथ-साथ मंदिर के प्रारूप को भी अंकित किया गया है।
कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय का इस कैलेंडर के विमोचन के लिए आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आर एस राठौड़, डीन प्रोफेसर निर्मल सिंह, डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव, प्रोफेसर ऊषा बत्रा, प्रोफेसर एके वाटल और उप कुलसचिव डॉ. ललित शर्मा सहित काफिर संख्या में अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# शिव मंदिर राजलू गढ़ी में 1100 दिए जलाकार रामोत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
अयोध्या में बने राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने के अवसर पर मनाए गए रामोत्सव में सोमवार को देर रात गांव राजलू गढ़ी के शिव मन्दिर में राम भक्तों ने 1100 दिए जलाकर जगमग करने के साथ पूरी तरीके से राममय दिखाई दिया।
धार्मिक अनुष्ठान में गांव की महिलाओं व पुरुषों ने उत्साह से भाग लिया। हवन, पाठ, भजन-कीर्तन व भंडारों के साथ ही शोभायात्रा निकालते हुए लोगों ने श्रीराम को याद किया। रामोत्सव पर सुबह की शुरूआत महंत मौनी महाराज की अगुवाई में किए गए हवन यज्ञ के साथ हुई।



## ग्रामीण विकास कार्यों में तेजी लाने को लेकर जिप सीईओ ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को अधिकारियों व सरपंचो की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम विकास के कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद सीईओ डा. सुशील मलिक ने स्टाफ व सरपंचो से गांव में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।
उन्होंने निर्देश कि ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से पारदार्शिता के साथ ग्राम विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं। किसी भी तरह की लापरवाही व शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभु श्री राम आए है। बड़खल विस से निकली विशाल शोभा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
भगवान श्री रामलला की अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एन आई टी -2 के सिद्धपीठ हनुमान मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे बड़खल विधानसभा की स्थानीय जनता और कई धार्मिक संगठनों ने भाग लिया। इसके आयोजक बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा और उनकी टीम रही। शोभा यात्रा एन आई टी 2 से चलकर एन आई टी 1 मार्किट से होते हुए, बीके चौक के रास्ते एन आई टी -5 मार्किट, इसके बाद एन आई टी -3 के रास्ते एन आई टी 2 के सिद्धपीठ हनुमान मंदिर पर आकर समाप्त हुई। सड़कों पर शोभा यात्रा का जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। बच्चे बूढ़े और जवान हर कोई बस जय श्री राम के नारे लगा रहा था।
शोभा यात्रा में मुख्यातिथि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ,बीजेपी जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष, गोपाल शर्मा, ने विशेष रूप से भाग लिया । इसके अलावा बड़खल विधानसभा की कई धार्मिक संगठनों और मंदिरों ने इस शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई ।जिसमे शिवशंकर सेवादल, हनुमान मंदिर एन आई टी-2 बी, नीलकंठ महादेव मंदिर, शिव मंदिर एक- डी , नागा बाबा 2 डी मंदिर , शिवालय मंदिर 2सी, मंदिरों और संगठनों ने भाग लिया । यात्रा के दौरान सड़कों पर चारों ओर हर कोई जय श्री राम के नारे लगाता दिखाई दिया । हर किसी के हाथों में केसरिया ध्वज लहराता दिखाई दिया। शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों का जगह जगह फूलों से , पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत हुआ । शोभा यात्रा में सैकड़ों गाडियां चलती नजर आ रही थी। कोई फल बांट रहा था । कोई लंगर बांट रहा था । हर कोई इस शुभ कार्य का हिस्सा बनना चाहता था। कोई हाथों में केसरिया ध्वज लिए जय श्री राम के नारे लगा रहा था। बड़खल विधानसभा पूरी तरह प्रभु श्री राम के अयोध्या में आने की खुशी बड़े ही धूमधाम से मना रहा था। शोभा यात्रा में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र श्री राम रथ यात्रा रही जिसे लोग हाथों से खींचते नजर आए ,इसके अलावा सुंदर झांकियां में श्री राम दरबार, श्री गणेश जी , मयूरी नृत्य, घोड़ी डांस, श्री राम के भजनों को बजाते बैंड, शंकर भोले नाथ नृत्य सहित कई

# फरवरी में आवाजाही के लिए खुलेगा यमुना पुल: नागर

**निर्देश**

8 विधायक राजेश नागर ने अधिकारियों के संग पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
विधायक राजेश नागर ने आज मंझावली में नोएडा को जोड? के लिए बन रहे यमुना पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से इसे जल्द पूरा करने के लिए कहा और इसकी समयसीमा बताने के लिए कहा। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि पुल पर फरवरी में आवाजाही खोली जा सकती है हालांकि पूरे प्रोजेक्ट का कार्य जून तक पूरा होगा। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मंझावली पुल फरीदाबाद के लिए बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसके पूरा होने के बाद फरीदाबाद नोएडा के संबंध और मजबूत होंगे। लोगों को नोएडा के लिए दिल्ली से आने जाने में बड़ा समय लगता है जो इस पुल के बन जाने पर घट जाएगा। हमारे सामाजिक रिश्ते और आर्थिक रिश्ते मजबूत होंगे। पुल निर्माण में देरी के सवाल पर नागर ने बताया कि पहले कोरोना के कारण काम रुका रहा। इसके बाद समय समय पर एनजीटी की रोक के कारण भी काम बाधित रहा। इसके अलावा पिछले वर्ष बहुत बड़ी बाढ़ आई। जिससे भी काम रुका। इस कारण से देरी हुई है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट में बदलाव कर इसे और जनोपयोगी बनाया गया। जिससे भी काम में देरी हुई लेकिन हमारी कोशिश थी कि जनता को बहुत अच्छा पुल मिले। विधायक राजेश नागर ने बताया कि अब पुल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। अधिकारियों ने हमें बताया कि फरवरी के महीने में हम पुल पर आवागमन शुरू कर सकते हैं। हालांकि पूरा प्रोजेक्ट पूरा होने में जून तक का समय लगेगा। इस दौरान विधायक राजेश नागर के साथ पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के एसई प्रवीन चौधरी, एक्सईएन प्रदीप सिंधू, एसडीओ प्रकाश लाल, जेई विरेंद्र कुमार सहित ठेकेदार भी

# रेलवे ट्रेक की सुरक्षा के लिए पुराने स्लीपर से दीवार सड़क के साथ बनाने से रोष

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
अगवानपुर रेलवे फाटक के पास होने वाले हादसों पर रोक लगाने के लिए रेलवे राजलू गढ़ी सड़क के साथ रेलवे के वेस्टेज स्लीपर को खड़ा करके दीवार बनाने का काम शुरू कर दिया है। जिसका ग्रामीणों ने स्लीपरों को बिना पैमाईश के सड़क के साथ में लगाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण सुरेन्द्र, सतबीर ने बताया कि स्लीपरों को बिल्कुल सड़क के साथ लगाया जा रहा है। जिस कारण आवागमन का रास्ता बिल्कुल कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक बार तो उन्होंने स्लीपर लगवा रहे ठेकेदार से कहकर सड़क से स्लीपर को थोड़ी पीछे हटवा दिया था लेकिन अब फिर दोबारा से सड़क के बिल्कुल साथ में लगाने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि लोगों का ये भी कहना कि स्लीपर लगने के बाद इससे ट्रैक क्रॉस करने वाले लोगों का शार्टकट रास्ता बंद हो जाएगा। साथ ही आए दिन ट्रैक पार करने में होने वाले हादसों पर भी ब्रेक लगेगा। कई बार फाटक बंद होने के बाद आसपास के गांवों के लोगों की आवाजाही अधिकांश रेलवे ट्रैक के पासस से अवैध रूप से होती है। ट्रैक का लेवल अधिक नहीं होने से चरवाहे, गाय, भैंस को भी लाइन पार कराते है। ऐसे में रेलवे विभाग ने यहां सुरक्षा दीवार खड़ी करने का निर्णय लिया।



स्लीपर लगाने का कार्य भी शुरू हो गया है। करीब 15 दिनों में वॉल बनकर तैयार हो जाएगी। साधारण तौर पर ट्रैक के पास वॉल निर्माण में रेलवे विभाग का 5-7 लाख रुपए खर्च हो जाता, लेकिन फाटक की सीमा पर यह कार्य क्रेनकी मदद से हो रहा है।
क्योंकि दीवार में सबसे अहम सामग्री में रेलवे के पुराने स्लीपर उपयोग में लिए जा रहे हैं।

**पैमाईश की जांच दिखाने के बाद काम शुरू करने देंगे : जेई**

- सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के जेई नवनीत ने बताया कि इस तरह से सड़क के साथ बिना पैमाईश के स्लीपर लगाए जा रहे है तो वे गलत है। कल ही वे मौके पर जाकर स्लीपर लगाने वाले ठेकेदार से पैमाईश कराने की जांच करेंगे अगर पैमाईश नही दिखा पाए तो काम को बंद करवकर पैमााईश की जाएगी। अगवानपुर फाटक से राजलू गढ़ी जाने वाली सड़क की चौड़ाई कुल 33 फूट है। उसमें से 18 फूट सड़क बन गई है। बाकि की जगह दोनो तरफ बच गई है।

**वे ठीक तरह से लगवा रहे स्लीपर : ठेकेदार शर्मा**

- स्लीपर लगाने का काम करवा रहे ठेकेदार सौरभ शर्मा ने बताया कि वह स्लीपर लगवाने वाले काम का ठेकेदार है। पैमाईश करवाने के बाद ही स्लीपर लगवाए जा रहे है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर मनाई दीपावली



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने पर जय बद्रीविशाल सेवा सदन समिति फरीदाबाद ने रामज्योति जलाकर दीपावली मनाई। समिति के फरीदाबाद जिलाध्यक्ष अमर बंसल छाडि?ा के सेक्टर-8 स्थित निवास पर हिन्दु भक्त जुटे और उन्होनें दीए जलाए और खूब अतिशबाजी कर दीपावली मनाई। इस अवसर पर अमर बंसल छाडि?ा ने कहा कि देश ही नहीं अपितु पूरा विश्व भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के रंग में रंग गया है। 22 जनवरी 2024 का दिन देश के लिए बहुत बड़ा दिन है, क्योंकि इस दिन वर्षों के बाद रामलला टेंट से निकल कर मुख्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरा देश जश्न में डूबा हुआ है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई राममय दिख रहा है। वाकई यह देश के लिए ऐतिहासिक है। लोग रामलला के आगमन पर एक दूसरे को बधाइयां भी दे रहे हैं। अमर बंसल ने कहा कि सुबह नीलकंठ महादेव मंदिर से निकाली गई भगवान श्रीराम के नाम की प्रभातफेरी जय श्रीराम के नारे लगाते हुए सेक्टर-8 की गलियों से होते हुए हमारे निवास पर पहुंची थी जहां उसका पुष्प वर्षा से भव्य

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठाः ब्राह्मण सभा शालीमार बाग ने किया हवन व भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली रामलला की** प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग की तरफ से हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूरी संस्था ने जोर-शोर से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पहले हवन व पूजन आयोजित किया गया। उसके बाद में अयोध्या में मूर्ति स्थापना का लाइव टेलिकास्ट देखा गया। उसके उपरांत भंडारे का विशाल रूप से आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सभी निवासियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। सभा के चेयरमैन गोविन्द शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकारिणी का धन्यवाद दिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गये इस सराहनीय कदम की दिल की गहराइयों से स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा निगम पार्षद रेखा गुप्ता, अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग से अश्वनी शर्मा, चेयरमैन गोविन्द शर्मा, बालमुकुन्द शर्मा गुरूजी, मुकेश शर्मा, एसके मुदग्गल, कौशल शर्मा, नरेश भारद्वाज, अनिल शर्मा, केपी शर्मा, डॉ. ऋषिकांत शर्मा, सत्यपाल शर्मा, रमेश्वर शर्मा, तारादत्त शर्मा, सीमा शर्मा, नेहा शर्मा, योगदत्त शर्मा, सुधीर शर्मा, डॉ. हरिनारायण शास्त्री, आरपी कौशिक, तुषार के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कौशल शर्मा ने कहा कि सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए।

# शालीमार बाग: प्राण प्रतिष्ठा पर हवन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली उत्तरी दिल्ली नगर** निगम के पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष तिलक राज कटारिया व भारतीय जन कल्याण परिवार द्वारा शालीमार बाग के सेंट्रल मार्केट में प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में हवन व यज्ञ का आयोजन किया गया।

इस हवन यज्ञ में 250 परिवारों (पति-पत्नी सहित) ने यजमान बनकर यज्ञ को सफल बनाने में अपनी सार्थक भागीदारी निभाई। हवन के तत्पश्चात ब्राह्मणों को भोजन करवाया गया। इसी शृंखला में अयोध्या का लाइव टेलीकास्ट डायरेक्ट दिखाया गया। सभी भक्त जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। पंडाल का पूरा वातावरण श्री राम



नाम के गीत गा रहा था। इस कार्यक्रम में जन कल्याण परिवार के प्रमुख लोग महेश दीवान, विजय बंसल, मनीष गोयल, अजय जैन, नागेश्वर नागपाल, राजीव गुप्ता, पुनीत सचदेवा मौजूद रहे। इस दौरान पंजाबी समाज के अध्यक्ष लखी राम चावला, भरत अरोड़ा, अग्रवाल समाज से जगदीश बेरिवाल, अभय जैन, सिंधी समाज के दिलीप जस्वानी, महेश गगनानी आदि सहित अनेको गणमान्य लोगों ने श्रीराम जी को नतमस्तक होकर प्रभु जी की स्तुति की ।

# त्रीनगर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर रामोत्सव आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली आज 500 साल** का इंतजार खत्म होने के बाद शुभ मुहुर्त में रामलला निजधाम अयोध्या में विराजित हुए है। इस शुभ घड़ी को देशभर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है सालों का इंतजार आज खत्म होने पर आज पूरा देश राम भक्ति में डूबा हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं आज त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित जय माता मार्किट एसोसिएशन की आरडब्ल्यूए ने राम दरबार सजाकर रामोत्सव उत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए राजेंद्र जिंदल, महामंत्री सुरेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष आनंद गोयल, संरक्षक रविंदर गुप्ता, संरक्षक सुनील गोयल, संरक्षक देवी चरण मित्तल, संरक्षक राम बिलास मित्तल, संरक्षक पवन गर्ग, वरिष्ठ उपप्रधान अजय सिंघला व विजेंद्र गोयल के साथ-साथ विशेष अतिथी के रूप में त्रीनगर वार्ड नंबर 63 से निगम पार्षद मीनू गोयल, केशमपुरम जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, वार्ड-63 से मंडल अध्यक्ष प्रकाश वशिष्ठ, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी साहित सभी पदाधिकारी मौजुद रहे। इस मौके पर राजेंद्र जिंदल ने कहा कि अयोध्या तो प्रभु राम के स्वागत के लिए सज ही गई है, लेकिन देश के अन्य स्थानों पर भी प्रभु राम के आगमन की धूम देखने को मिल रही है। लोगों ने अपने घरों को दीपावली जैसा सजा लिया है और धार्मिक स्थलों पर लगातार पूजन अर्चन जारी है।

# मॉडल टाउन विधानसभा में संगीतमय श्रीराम वंदना व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली दिल्ली** के मॉडल टाउन इलाके में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम में हो रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्रीराम मंदिर सेवा समिति मॉडल टाउन एवं मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के द्वारा संगीतमय श्रीराम वंदना एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघचालक मुखर्जी नगर जिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. दिनेश खट्टर के अलावा अतिथि में सांसद डॉ. हर्षवर्धन व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गोयल देवराहा मौजूद रहे।

इस मौके पर मुख्य संरक्षक बृजमोहन गोटेवाले, मुख्य संरक्षक प्रवीण कांत सीए, मुख्य






परामर्शदाता पवन अग्रवाल एडवोकेट, आदेश जैन मुख्य परामर्शदाता, प्रधान प्रेम चंद गुप्ता, महामंत्री अरविन्द जैन, कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, पवन अग्रवाल वरिष्ठ उपप्रधान, अजय गुप्ता बॉबी वरिष्ठ उपप्रधान, संजीव गोयल बंटी उपप्रधान, रूपक गुप्ता उपप्रधान, सुशील जिंदल मंत्री, महेन्द्र गोयल सहकोषाध्यक्ष, राजनीश गुप्ता सहमंत्री, सहमंत्री आनन्द प्रकाश मित्तल, मुकेश अग्रवाल संगठन मंत्री, संजय गुप्ता संगठन मंत्री, नवीन मित्तल प्रचार मंत्री, विकास गुप्ता प्रचार मंत्री, प्रवीण गुप्ता श्रीराम मंदिर समिति मॉडल टाउन, विशेष सहयोगी श्रीनिवास गोयल मॉडल टाउन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य पुजारी श्रीकृष्ण मंदिर पंडित रजनीश जोशी का पावन सानिध्य रहा। तो वहीं प्रसिद्ध भजन गायक दीपक लक्खा ने मधुर भजनों की वर्षा की।

**एलईडी स्क्रीन पर लोगों ने देखा लाईव प्रसारणः** कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम एलईडी स्क्रीन पर लाईव देखा।

**हनुमान चालीसा का हुआ पाठः** इस मौके पर श्रीराम संकीर्तन मंडल के संयोजक सतीश शर्मा द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम के दौरान कार सेवकों का हुआ स्वागतः** कार्यक्रम के दौरान कार सेवको का अभिनन्दन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुरेन्द्र गुप्ता पूर्व पार्षद, प्रमोद गुप्ता और संजय मित्तल का स्वागत किया गया।

**भव्य रूप में हुई आतिशबाजीः** कार्यक्रम के दौरान अग्रसेन चौक पर भव्य अतिशबाजी की गई। जिसमें मुख्य भूमिका संजीव गोयल बंटी, रूपक गुप्ता, रजनीश गुप्ता, संजय गुप्ता, अजय गुप्ता बॉबी, नवीन मित्तल रही।

**सीता रसोई का आयोजनः** कार्यक्रम में सीता रसोई का आयोजन किया गया, जिसमें बहुताय की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मॉडल टाउन: राम रंग के भक्ति रस में डूबी सीसी कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली अयोध्या** में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही पूरा देश ने जहां दीवाली उत्सव मनाया, वहीं दूसरी और विदेशों में भी प्राण प्रतिष्ठा की धूम मची रही। 500 साल के लंबे इंतजार व संघर्ष के बाद रीति-रिवाज से प्राण प्रतिष्ठा की गई। अयोध्या तो प्रभु राम के स्वागत के लिए सज ही गई है लेकिन देश के अन्य स्थानों पर भी प्रभु राम के आगमन की धूम देखने को मिली। इसी कडी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित सीसी कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से श्रीराम आगमन पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलोनी की हर





सड़क, हर गलियों और रोड़ पर लाइटें देखने को मिली। इसी दौरान एसोसिएशन की ओर से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसी के साथ ही श्री राम जी की विशाल शोभा यात्रा सीसी कॉलोनी मेन गेट से आरंभ की गई और दूधाधारी आश्रम में समापन किया गया। इस दौरान चन्दन और फूलों की वर्षा की व्यवस्था बॉबी गुप्ता द्वारा की गई, वहीं कॉलोनी वालो की तरफ से खीर, चॉकलेट, ड्राई केक, गाजर का हलवा सहित प्रसाद रूप में वितरित किया गया।

**कौन-कौन रहा मौजूदः** कार्यक्रम के दौरान अजय पासी सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, अतुल जैन संयोजक, कैलाश गुप्ता चेयरमैन, अरिवंद कुमार, संदीप गुप्ता, सी एम अरोड़ा, गीता गुप्ता, संजय गुप्ता, सुशील गुप्ता नरेश भागी, पूजा कपूर, मुकेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, महेश तनेजा, मोहन गोयल, संजीव गर्ग, दिनेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस मौके पर अजय पासी ने कहा कि तीन दिन से कॉलोनी के मंदिरो में रोज प्रभु जी को निमंत्रण देकर फिर लोगो को निमंत्रण दिया गया। लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। रथ पर प्रभु श्री राम परिवार की आरती की करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## प्रभु की सच्चे मन से करें भक्तिः राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता राजकुमार चौधरी ने बताया कि सभी को प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी प्रभु की भक्ति सच्चे मन से करें।

उन्होंने आगे बताया कि सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए किये थे। हमें भी सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए।

# शालीमार गांवः राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर भगवती पब्लिक स्कूल ने किया कार्यक्रम का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली का भगवती** पब्लिक स्कूल शालीमार गांव वैसे तो यह समय-समय पर सामाजिक कार्य करता रहता है। परन्तु मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विद्यालय में विशेष रूप से मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा दीप जलाये गये और रंगोली बनाए गई। बच्चो के द्वारा जय श्री राम के नारे भी लगाए गए। स्कूल के प्रिंसिपल कौशल शर्मा ने बच्चों को विशेष दिन के बारे में अवगत कराया और अध्यापकों द्वारा बच्चो को तैयार किया जाना और सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल कौशल शर्मा ने कहा कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए। हम सभी को मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सभी कार्य मर्यादा में ही रहते हुए करने चाहिए और हमेशा ही बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।

# बजटः गृह मंत्रालय ने संसद की सुरक्षा में तैनात किए 140 जवान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सरकार** 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र की तैयारियों में जुट गई है। इस दौरान संसद की सुरक्षा के लिए संसद परिसर में 140 सीआईएसएफ कर्मियों की एक टुकड़ी तैनात की गई है। सीआईएसएफ की यह टुकड़ी संसद में आने वाले आगंतुकों और उनके सामान की जांच करेगी। बता दें कि पिछले साल 13 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बड़ी सुरक्षा चुक सामने आई थी। संसद की चल रही कार्यवाही के बीच दर्शक दीर्घा में मौजूद दो लोग लोकसभा के अंदर कूद गए और उन्होंने जमकर



हंगामा किया। साथ ही उन्होंने कलर बॉम्ब से पूरे संसद को धुआं-धुआं कर दिया था।

**संसद की सुरक्षा समीक्षा के बाद सुरक्षा बलों को मिली मंजूरीः** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस घटना के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा समीक्षा के बाद सुरक्षा बलों की संख्या को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कुल 140 जवानों ने सोमवार से संसद परिसर में मोर्चा संभाल लिया। सूत्रों ने कहा कि जवान आगंतुकों, उनके सामानों की जांच करेंगे और संसद को अग्नि सुरक्षा कवर भी प्रदान करेंगे।

**संसद परिसर का निरीक्षण कर रहे हैं जवानः** सूत्रों ने आगे बताया कि सीआईएसएफ के जवान परिसर में पहले से मौजूद अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संसद परिसर का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे कि वे 31 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने पर अपने काम को बखूबी समझ सकें।

**हवाईअड्डे की तरह सुरक्षा देगी सीआईएसएफः** सीआईएसएफ की यह टुकड़ी नए और पुराने संसद भवन को किसी भी हवाईअड्डे की तरह सुरक्षा कवर प्रदान करेगा। इसमें आगंतुकों और उनके सामान की जांच एक्स-रे मशीनों, हाथ से पकड़े जाने वाले डिटेक्टरों से की जाएगी। यहां तक कि जूते को भी स्कैन किया जाएगा।

# नेताजी के जीवन से देश सेवा को प्रेरणा ले युवाः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को पराक्रम दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में नेताजी को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेता जी सामान्य नाम नहीं, बल्कि देश की आजादी की पूरी कहानी है, इसलिए युवाओं को नेताजी के जीवन से देश सेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। मनोहर लाल ने कहा कि भारत सदियों से गुलाम चला आ रहा था। पहले मुगलों का



गुलाम रहा और फिर अंग्रेजों का गुलाम हुआ। आजादी की बातें तो उस समय लगातार चलती थी, लेकिन लोगों को विश्वास नहीं हो पा रहा था कि हमें कभी आजादी भी मिल पाएगी। नेताजी ने न केवल आजादी की लौ लोगों के मन में पैदा की, बल्कि लोगों में एक आत्मविश्वास पैदा किया कि हमें आजादी मिल सकती है। उन्होंने कहा कि उस समय एक गरम दल और एक नरम दल बने, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अलग-अलग विचारधारा के साथ काम किया। उन्होंने कहा कि आंदोलन शुरू करना आसान नहीं होता, लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और उन्होंने 50,000 लोगों की फौज बना डाली। ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज के हरियाणा क्षेत्र से भी उस समय हजारों युवक आजाद हिंद फौज में भर्ती हुए थे। इसी प्रकार, दूसरी और नरम दल यानि महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश में असहयोग आन्दोलन की शुरूआत हुई और अंग्रेजों की सरकार के खिलाफ आजादी का बिगुल बजा। महात्मा गाँधी ने यात्राएं निकाली और जनता को अपने साथ जोड़ कर एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया।

# दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गूंजा 'जय हरियाणा-विकसित हरियाणा गीत

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

जय हरियाणा, विकसित हरियाणा गीत की गूंज मंगलवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर सुनाई दी। मौका था दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल का, जिसमें हरियाणा प्रदेश की झांकी को लगातार तीसरी बार शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस वर्ष हरियाणा की झांकी का थीम मेरा परिवार-मेरी पहचान रखा गया है। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड की फुल

**परेड**

**8 हरियाणा की झांकी का थीम मेरा परिवार-मेरी पहचान रखा गया है। कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई**

ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई जिसमें केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों की झांकियां भी प्रदर्शित की गई। इसमें हरियाणा की झांकी भी शामिल थी। हरियाणा की झांकी के साथ दोनों तरफ हरियाणवी पारम्परिक वेशभूषा में महिला कलाकार हरियाणवी नृत्य करती नजर आती है। इस दौरान हरियाणवी बोली में गीत भी बजता है, जिसके बोल है, ह्यजय हरियाणा, विकसित हरियाणा, सीधे साधे लोग है इसके, दूध दही का पीणा खाणा, सुंदर सड़कें समतल चौड़ा, यातायात का ताना-बाना, पल-पल चलती रेल मेट्रो सुगम

# हम सबके हैं भगवान रामः हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा वह प्रदेश** है जहां खुद हरी यानि भगवान का आना हुआ। भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश हरियाणा की धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में दिया। हरियाणा के संस्कार और संवाद में शुरूआत से ही भगवान राम का स्मरण रहा है। यहां बच्चों को नमस्ते, गुड मॉर्निंग, गुड इवनिंग से पहले ह्यराम-रामह्ल करना सिखाया जाता है। इसलिए धर्मिक मान्यताएं, श्रद्धा भाव, भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण हरियाणा के डीएनए में है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा मंगलवार को सालासर में नवनिर्मित धर्मशाला का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

हरियाणा से बड़ी तादाद में श्रद्धालु रोज सालासर धाम पहुंचते हैं। उनके ठहरने, रहने व खाने-पीने की व्यवस्था के लिए धर्मशाला का निर्माण किया गया है। हुड्डा ने इस कार्य के लिए तमाम दानदाताओं और धर्मशाला संचालकों की सराहना की व

**धर्मनगरी**

**8 श्रद्धालु रोज सालासर धाम पहुंचते हैं। ठहरने, रहने व खाने-पीने की व्यवस्था के लिए धर्मशाला का निर्माण किया गया है: हुड्डा**

आभार प्रकट किया। इस मौके पर उन्होंने बालाजी भगवान के दरबार में माथा टेका और सभी की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने देश व प्रदेश की तरक्की के लिए भगवान से दुआ मांगी।

राम मंदिर को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि भगवान राम सभी के हैं। उन्हें किसी पार्टी या एक विचारधारा तक सीमित करना अनुचित और असंभव है। सभी की आस्था और धार्मिक मान्यताओं का सम्मान ही हमारे देश के संस्कार हैं। प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी आस्था अटूट है और प्रभु की महिमा का लाभार्थी संपूर्ण संसार है।

# दिल्ली में शिक्षकों के हड़ताल व विरोध प्रदर्शन पर बैन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**

**रोहिणी** जोन में एमसीडी के शिक्षा विभाग ने एक नया फरमान जारी किया गया है। शिक्षा विभाग के फरमान के मुताबिक, शिक्षकों और स्टाफ के किसी भी तरह के विरोध पर रोक लगा दी गई है। इस तरह से शिक्षकों या स्टाफ के किसी भी तरह से प्रदर्शन, हड़ताल या सोशल मीडिया पर आलोचना में शामिल होने पर बैन लग गया है। शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी करके कहा कि ऐसी गतिविधियों में शामिल होने पर किसी भी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में कहा गया है कि

**फरमान**


**8 एमसीडी के शिक्षा विभाग के फरमान के मुताबिक शिक्षकों और स्टाफ के किसी भी तरह के विरोध पर रोक लगा दी**

ऐसी गतिविधियां सीसीएस, आचरण नियम, 1964 का उल्लंघन हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए एमसीडीके रोहिणी जोन के शिक्षा उपनिदेशक ऋषि पाल राणा को कॉल और टेक्स्ट संदेश का कोई जवाब नहीं मिला।

# लोकसभा चुनाव के साथ हरियाणा विधानसभा चुनाव भी लड़ेगा एकम सनातन भारत दल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों में उतरने के लिए एकम सनातन भारत दल ने भी अपनी कमर कस ली है । यह नवगठित पार्टी अपने उम्मीदवार उतार कर मतदाताओं को अपना सही नेतृत्व चुनने का विकल्प प्रदान करेगा। मंगलवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह. ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार सनातन संस्कृति की रक्षा और संपूर्ण विकास की सोच के साथ कांग्रेस और बीजेपी का विकल्प एकम् सनातन भारत दल राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी के रूप में आने वाले आम चुनावों में उतरने जा रही है। जोगिन्द्र सिंह ने बताया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकुर शर्मा है। उन्होंने कहा कि पार्टी हरियाणा के सम्पूर्ण विकास के लिए वचनबद्ध है। इस वायदे के साथ पाटी इन चुनावों में हरियाणा में लोकसभा की सभी दस सीटों और विधानसभा की सभी 90 सीटों पर चुनाव लडने के लिये तैयार है। पार्टी जल्द ही सभी सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर देगी।



# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**Front Page - 2**

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302






# राममय हुआ राकेश भारद्वाज चौक, आदर्श रसोई ने मनाया रामोत्सव

## मजलिस पार्क के राम मंदिर ने किया शोभायात्रा का आयोजन, आदर्श रसोई ने राकेश भारद्वाज चौक पर किया भव्य स्वागत

















**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**

दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा के सबसे व्यस्ततम चौक यानी राकेश भारद्वाज चौक पूरी तरह राममय हो गया। अयोध्या में राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में दीवाली से उत्सवों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में राकेश भारद्वाज चौक पर हर रविवार आयोजित होने वाली आदर्श रसोई ने भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया।

वहीं, मजलिस पार्क क्षेत्र की राम मंदिर समिति द्वारा एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने भव्य खैरमकदम किया। इस दौरान पूर राकेश भारद्वाज चौक, राममय हो गया। जय श्री राम के नारों से पूरे चौक पर मौजूद लोग भक्ति भावना से ओतप्रोत दिखे। इस दौरान राम मंदिर की शोभा यात्रा का स्वागत करने के लिए पूरी रसोई की टीम पलके बिछाए बैठी रही। राकेश भारद्वाज चौक पर आए सभी राम भक्तों का फूल मालाओं, पगड़ियों और आतिशबाजियों से भव्य स्वागत किया।




**निशुल्क की गई आदर्श रसोई**

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आदर्श रसोई को निशुल्क कर दिया गया। यही नहीं, विशेष तौर पर आलू-कचौड़ी और मशरूम सूप बनवाया गया, जिसका चौक पर मौजूद सभी लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। रामलला के आगमन के इस भव्य मौके पर आदर्श रसोई ने सभी रामभक्तो को प्रसाद वितरण किया।

**ढोल नगाड़ो की थाप पर थिरके राम भक्त:** देशभर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का खुमार लोगों में ऐसा देखने को मिला की सभी रामभक्त बेसूध होकर रामरस में डूबे रहे। ढ़ोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते दिखाई दिये, तो वहीं आसमान भी जय श्रीराम के नारों से गुंजामन हो उठा।

**क्या बोले आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज:** इस मौके पर एक्शन इंडिया मीडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर मजलिस पार्क श्री राम मंदिर द्वारा एक शोभा यात्रा निकाली गयी।

इस मौके पर जब यात्रा राकेश भारद्वाज चौक पर पहुंची तो पूरी आदर्श रसोई की टीम द्वारा आतिशबाजियों और ढोल नगाड़ों की थाप पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूरा चौक राममयी हो गया। इस मौके पर पूर्व सिविल लाइन जोन चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा, संरक्षक सुरेन्द्र बुद्धिराजा, नई दिल्ली भाजपा जिला प्रभारी अजय शर्मा, आदर्श रसोई के प्रधान सुरेन्द्र चोपड़ा, चेयरमैन मोहन गर्ग, पम्मी मल्होत्रा, संजय वर्मा, रिंकू कोहली, नरेश कपाही, सतपाल यादव, विनोद गर्ग, गुरदयाल छाबड़ा सहित रसोई की टीम के सभी सदस्य मौजूद रहे।



















